
**शनिवार**
25 जून 2022



पृष्ठ 4
**घर को प्राकृतिक रूप से महकाने में मदद कर सकते हैं पौधे**



पृष्ठ 5
**मॉडल कमल चीमा सपनों को पूरा करने मुंबई पहुंची**



● देहरादून
● वर्ष 30
● अंक 142
● पृष्ठ 8
● मूल्य ₹ 1.00

**आज का विचार**

नियम के बिना और अभिमान के साथ किया गया तप व्यर्थ ही होता है।
– वेदव्यास

# दूनवैलीमेल

सांध्य दैनिक
डीएवीपी से मान्यता प्राप्त
आर.एन.आई.- 59626/94
email: doonvalley_news@yahoo.com Website: dunvalleymail.com

## लोकतंत्र का गला घोटने वाले कांग्रेसी अब सत्याग्रह कर रहे हैं: धामी

विशेष संवाददाता

रुद्रपुर। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज कांग्रेस पर बड़ा हमला बोलते हुए कहा कि जिस कांग्रेस ने आपातकाल की घोषणा कर लोकतंत्र को समाप्त करने का प्रयास किया और लोगों को खूब यातनाएं दी आज वह कांग्रेसी सत्याग्रह कर रही है।

सीएम धामी ने आज यहां किच्छा रोड स्थित भाजपा कार्यालय में आयोजित लोकतंत्र सेनानी सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि आपातकाल का विरोध करने वाले उन सेनानियों के संघर्ष के कारण ही आज हमारा लोकतंत्र जिंदा है इसलिए इनका जितना भी सम्मान किया जाए वह कम है। उन्होंने कहा कि हमने वह आपातकाल नहीं देखा लेकिन जिन्होंने आपातकाल देखा है वह जानते हैं कि कांग्रेस ने लोगों पर कितने अत्याचार किए, उन्हें बेवजह जेलों में ठूंस दिया गया उन्हें पीसकर कांच खिलाया गया। उन्होंने कहा कि आज वह कांग्रेसी सत्याग्रह



**❑मोदी ने बदली सरकारों की कार्य संस्कृति**
**❑लोकतंत्र सेनानियों का किया धामी ने सम्मान**

कर रहे है और यह सत्याग्रह तब किया जा रहा है जब उनके खिलाफ जांच हो रही है।

उन्होंने कहा कि आपातकाल में पटना में आयोजित एक कार्यक्रम में जयप्रकाश नारायण ने नारा दिया था 'सिंहासन खाली करो जनता आती है,। उन्होंने कहा कि अगर लोकतंत्र के रक्षक इन सेनानियों ने संघर्ष नहीं किया होता तो आज देश में लोकतंत्र नहीं होता। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का शासन तानाशाही का शासन था। उस समय इन लोगों ने सोचा भी नहीं होगा कि भाजपा देश ही नहीं दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बनेगी और उन्हें यह सम्मान मिलेगा। उन्होंने कहा कि आप सभी का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। इस अवसर पर उन्होंने आपातकाल विरोध करने वाले उन सेनानियों को अंग वस्त्र पहनाकर स्वागत किया जिन्होंने आपातकाल में अनेक यातनाएं झेली और जेल गए। आज 25 जून को भाजपा आपातकाल का काला दिन के रूप में मनाती है। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि 10 साल पहले सरकारों की जो कार्यशैली और संस्कृति थी उसे 2014 के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने बदला है। पहले 2जी और 3जी तथा स्पेक्ट्रम नीलामी तथा कोयला घोटाले होते थे लेकिन बीते 8 सालों से यह घोटाले बंद हो गए हैं। भारत का मान सम्मान और स्वाभिमान देश व दुनिया में बढ़ा है और

◀◀ शेष पृष्ठ 7 पर

## बाल विवाह कराने वाली मां, तीन सहयोगियों के साथ गिरफ्तार

संवाददाता

देहरादून। नाबालिग से बाल विवाह करने वाले व्यक्ति को पुलिस ने दो सहयोगियो व नाबालिग की मां के साथ गिरफ्तार कर लिया। मन्दिर के पण्डित ने बाल विवाह कराने से मना करने पर आरोपी जबरन गले में माला डालकर नाबालिग को भगाकर ले जा रहे थे। पुलिस ने सभी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार गत दिवस शांतिनगर निवासी ने श्यामपुर थाने में सूचना देते हुए बताया कि उसकी नाबालिग भतीजी उम्र 14 वर्ष का उसकी मां के द्वारा मनसा देवी मंदिर में कपिल निवासी हस्तिनापुर मेरठ के साथ कपिल के सहयोगियों की मौजूदगी में बाल विवाह कराया जा रहा है जिसकी सूचना उसके द्वारा चाइल्डलाइन देहरादून और महिला बाल विकास परियोजना की टीम को भी दी गई है। प्राप्त सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए शिकायतकर्ता को साथ लेकर पुलिस फोर्स मनसा देवी मंदिर ग्राम मनसा देवी गुमानीवाला ऋषिकेश पहुंचे तो



**❑पण्डित के मना करने पर जबरन उठाकर ले जाते पकड़े**

जानकारी प्राप्त हुई की मंदिर के पुजारी द्वारा नाबालिक होने के कारण शादी कराने से मना कर दिया गया था जिसके पश्चात कपिल उपरोक्त द्वारा जबरदस्ती नाबालिक के गले में फूलों की माला डालकर अपने सहयोगियों के साथ ऑल्टो कार रजिस्ट्रेशन नंबर यूपी 15 डी एम 2101में बैठकर मेरठ ले जा रहा है। जानकारी होने के पश्चात पुलिस फोर्स के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए चेकिंग अभियान चलाकर वाहन उपरोक्त को चाइल्ड लाइन एवं महिला बाल विकास

◀◀ शेष पृष्ठ 7 पर

## मैंने पीएम मोदी के दर्द को नजदीक से देखा: अमित शाह

नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को २००२ में गुजरात दंगे को लेकर अपनी चुप्पी तोड़ी और बयान दिया। अमित शाह ने कहा कि पीएम मोदी पर सारे आरोप गलत पाए गए हैं। अमित शाह ने कहा कि एक बड़े नेता ने १८–१९ साल की इस लंबी लड़ाई को बिना एक शब्द कहे और



भगवान शंकर के विषपान की तरह सभी दर्द को झेला। मैंने उन्हें बहुत करीब से पीड़ित देखा। केवल एक मजबूत इरादों वाला व्यक्ति ही कुछ न कहने का स्टैंड ले सकता था, क्योंकि मामला कोर्ट में विचाराधीन था। सुप्रीम कोर्ट ने पीएम मोदी पर लगे सारे आरोपों को खारिज कर दिया है। दंगे के दौरान सेना को बुलाने में कोई देरी नहीं की गई थी। अमित शाह ने राहुल गांधी से ईडी की पूछताछ पर कांग्रेस के विरोध पर तंज कसा। उन्होंने कहा कि मोदीजी ने एसआईटी के सामने पेश होते समय ड्रामा नहीं किया। मोदीजी ने एक मिसाल पेश की। उन्होंने बताया कि संविधान का सम्मान कैसे किया जा सकता है। उनसे पूछताछ की गई लेकिन किसी ने धरना नहीं दिया और कार्यकर्ता उनके साथ एकजुटता के साथ खड़े नहीं हुए। अगर आरोप लगाने वालों में अंतरात्मा है तो उन्हें माफी मांगनी चाहिए।

## भारत में 24 घंटे में कोरोना से 20 की मौत, 15940 आए नए केस

नई दिल्ली । देश में कोरोना मरीजों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है। पिछले २४ घंटों देश में कोविड–१९ के सक्रिय मामलों की संख्या ८८,२८४ से बढ़कर ९१,७७९ हो चुकी है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि देशभर में पिछले २४ घंटों में कुल १५,९४० नए कोरोना मामले सामने आए। वहीं २० लोगों की मौत हो गई। बात करें सक्रिय मामलों की तो ये संख्या ९१ हजार के पार पहुंच चुकी है। वहीं दैनिक सकारात्मकता दर में ४.३९त्न की वृद्धि दर्ज की गई है।

सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, भारत में एक दिन में कोविड–१९ के १५,९४० नए मामले सामने आने से देश में कोरोना वायरस से अब तक संक्रमित हो चुके लोगों की संख्या बढ़कर ४,३३,७८,२३४ पर पहुंच गई है। वहीं, संक्रमण से २० और मरीजों की मौत से



मृतकों का आंकड़ा बढ़कर ५,२४,९७४ हो गया। वहीं पिछले २४ घंटे में १३,०२९ लोग बीमारी से ठीक भी हुए हैं।

साप्ताहिक संक्रमण दर ३.३० प्रतिशत आंकी गई है। आंकड़ों के अनुसार, देश में अब तक कुल ४,२७,६१,४८१ लोग संक्रमण मुक्त हो चुके हैं और कोविड–१९ से मृत्यु दर १.२१ प्रतिशत है। वहीं, राष्ट्रव्यापी टीकाकरण अभियान के तहत अब तक कोविड–१९ रोधी टीकों की १, ९६, ९४, ४०, ९३२ खुराक दी जा चुकी हैं जिसमें १५, ७३, ३४१ टीके बीते २४ घंटे में लगाए गए हैं।

गौरतलब है कि देश में सात अगस्त २०२० को संक्रमितों की संख्या २० लाख, २३ अगस्त २०२० को ३० लाख और पांच सितंबर २०२० को ४० लाख से अधिक हो गई थी। संक्रमण के कुल मामले १६ सितंबर २०२० को ५० लाख, २८ सितंबर २०२० को ६० लाख, ११ अक्टूबर २०२० को ७० लाख, २९ अक्टूबर २०२० को ८० लाख और २० नवंबर को ९० लाख के पार चले गए थे। देश में १९ दिसंबर २०२० को ये मामले एक करोड़ से अधिक हो गए थे। पिछले साल चार मई को संक्रमितों की संख्या दो करोड़ और २३ जून २०२१ को तीन करोड़ के पार पहुंच गई थी।

मिजोरम में कोरोना के ३५ नए मामले सामने आए हैं और कोरोना से किसी भी व्यक्ति की मृत्यु नहीं हुई है।

दून वैली मेल

## संपादकीय

# संक्रमण का बढ़ता खतरा

एक दिन में कोरोना संक्रमण दर में अगर 30 फीसदी की बढ़ोतरी होती है तो वह निश्चित ही चिंताजनक है। शुक्रवार को देश में 17386 नए संक्रमित मिलने से सक्रिय मरीजों की संख्या अब 90 हजार के पास पहुंच चुकी है। तथा संक्रमण दर भी 4.32 फीसदी हो गई है बात अगर देश की राजधानी दिल्ली की करें तो यहां संक्रमण की दर 8 फीसदी से भी ऊपर पहुंच गई है। हालांकि विशेषज्ञों का कहना है कि कोरोना की चौथी लहर को लेकर विशेष चिंतित होने की जरूरत नहीं है लेकिन कोरोना की तीन लहरों के दौरान यही देखा गया है कि संक्रमण की दर में एक साथ उछाल आने के बाद ही स्थितियां खराब हुई है बात अगर 28 फरवरी 2022 का ही करें तो इस दिन 19 हजार से अधिक मामले सामने आए थे जबकि इससे एक दिन पहले सिर्फ 12 हजार केस आए थे। पहली और दूसरी लहर के दौरान जो अत्यंत ही खतरनाक स्थितियां हम देख चुके हैं उन्हें भुलाया नहीं जा सकता है। यह सच है कि देश में चले वैक्सीन ड्राइव के कारण तीसरी लहर में देश और समाज को वैसी स्थितियां नहीं झेलनी पड़ी जैसी पहली और दूसरी लहर के दौरान हमने देखी थी। आज अगर विशेषज्ञ इस बात को कह रहे हैं कि चौथी लहर को लेकर अधिक चिंता की जरूरत नहीं है तो वह वैक्सीन के कारण ही कह पा रहे हैं। लेकिन एक बात हमें किसी भी सूरत में नहीं भूलनी चाहिए कि कोरोना देश और दुनिया से समाप्त नहीं हुआ है। वहीं दूसरी महत्वपूर्ण बात यह है कि भले ही वैक्सीन के कारण मानव शरीर में बनने वाली एंटीबॉडी के कारण कोरोना संक्रमण का असर उतना प्रभावी न रहा हों लेकिन यह भी सच है कि कोरोना के टीके का असर दीर्घकाल तक नहीं रहता है। देश और दुनिया में वैक्सीनेशन के बाद भी कोरोना संक्रमण की चपेट में लोग आते रहे हैं। भले ही एक समय में यह लग रहा हो कि कोरोना वायरस समाप्त हो जाएगा लेकिन बीते ढाई तीन साल में यह साबित हो चुका है कि इस कोरोना वायरस से मानव समाज को आसानी से मुक्ति मिलने वाली नहीं है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बीते एक साल से यह बात कह रहे हैं कि अब हमें कोरोना के साथ जीने की आदत डालनी होगी दरअसल जब कोरोना संक्रमण की दर कम हो जाती है तो हम भी इसे लेकर लापरवाह हो जाते हैं न मास्क पहनने की जरूरत समझते हैं और न सैनिटाइजेशन को तवज्जो देते हैं। तथा सोशल डिस्टेंस की पूरी तरह से भूल ही जाते हैं। यही कारण है कि संक्रमण धीरे-धीरे फैलता रहता है और फिर विस्फोटक रूप धारण कर लेता है। हालांकि अभी भी शासन-प्रशासन के स्तर पर अभी कुछ एहतियात बरतना जरूरी है लेकिन इन्हें लेकर किसी तरह की कोई सख्ती नहीं बरती जा रही है। विश्व के कई देशों में अभी भी कोरोना खतरनाक स्थिति में है। भारत में भी इसका खतरा बरकरार बना हुआ है इसलिए यह जरूरी है कि कोई लापरवाही न बरती जाए जिससे स्थिति फिर से बिगड़ जाए।

# मारपीट में पार्षद सहित चार नामजद

देहरादून (संवाददाता)। मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने पार्षद सहित चार लोगों को नामजद कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार आदर्श कालोनी नेहरू ग्राम निवासी श्रीमती रामप्यारी ने रायपुर थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसके पड़ोस में शम्भूनाथ का परिवार रहता है। 22 जून को कुलदीप, उसकी बहन मीनाक्षी व लक्ष्मी जबरदस्ती उसके घर के आंगन में लैट्रिन का गढ्ढा खोदने लगे, उसके द्वारा मना करने पर इन तीनों ने उसके साथ लात-घुसों से मारपीट की जिससे उसके शरीर पर गंभीर चोटे आयी, फोन पर पुलिस को घटना की सूचना दी। पुलिस ने मौके पर आकर निर्माण कार्य को रुकवाया। इन लोगों ने उसको व उसके परिवारजनों को जान से मारने की ध मकी दी गाली-गलौच की इनके साथ पार्षद नरेश रावत भी मिला हुआ है। नरेश रावत ने उससे कहा कि यदि यही रहना चाहती है तो इन्हें 50 हजार रूपयये दे दें। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# मूत्र असंयम क्या है?

नई दिल्ली। विश्व महाद्वीप सप्ताह के अवसर पर, जो २० जून से २६ जून तक चलने वाला एक वैश्विक कार्यक्रम है, डॉक्टर और मूत्र रोग विशेषज्ञ लोगों से समस्या को छिपाने और अनदेखा करने के बजाय मूत्राशय या आंत्र की कठिनाई होने पर पेशेवर मदद लेने का आग्रह कर रहे हैं। मूत्र असंयम मूत्र का रिसाव है जिसे हम नियंत्रित नहीं कर सकते हैं। बुजुर्गों में, विशेष रूप से नर्सिंग होम में यह चिकित्सा स्थिति आम है, लेकिन यह युवा वयस्क पुरुषों और महिलाओं को भी प्रभावित कर सकती है। मूत्र असंयम रोगी के स्वास्थ्य और जीवन की गुणवत्ता दोनों को प्रभावित कर सकता है। यूरोलॉजिस्ट डॉ सुहास साल्वे कर ने कहा, इसकी व्यापकता को कम करके आंका जा सकता है क्योंकि कुछ मरीज़ इन मुद्दों पर चर्चा करने में शर्मिंदगी और परेशानी के कारण स्वास्थ्य देखभाल प्रदाताओं को अपने मुद्दों के बारे में सूचित नहीं करते हैं। इसके परिणामस्वरूप अधिकांश रोगियों में अवसाद और अलगाव होता है और मूत्राशय को दीर्घकालिक क्षति भी होती है। यह सलाह दी जाती है कि समस्या की रिपोर्ट करें, खामोशी में पीड़ित होने के बजाय जल्दी इलाज शुरू करें और समस्या को अनदेखा करें।

# संवैधानिक व्यवस्था पर बुलडोजर

अजीत द्विवेदी

उत्तर प्रदेश में अगर लोगों के घरों पर बुलडोजर चल रहा है तो इसमें क्या हैरानी है! आखिर भारतीय जनता पार्टी ने बुलडोजर दिखा कर वोट मांगा था। भाजपा की चुनावी रैलियों में बुलडोजर खड़े किए जाते थे। उनकी झांकियां सजाई जाती थीं। नेता बुलडोजर पर चढ़ कर वोट मांगते थे और वादा करते थे कि चुनाव जीते तो बुलडोजर का चलना जारी रहेगा। भाजपा जिस चेहरे पर चुनाव लड़ रही थी उसे 'बुलडोजर बाबा' कहा जाता था। सो, अगर चुनाव जीतने के बाद वहीं बाबा बुलडोजर चलवा रहे हैं तो इसमें कोई हैरानी की बात नहीं है। जो लोग हैरान हो रहे हैं उनसे पूछा जाना चाहिए कि क्या वे उम्मीद कर रहे थे कि भाजपा ने वोट भले बुलडोजर दिखा कर मांगा है लेकिन चुनाव जीतने के बाद वह इसका इस्तेमाल नहीं करेगी? अगर वे ऐसा सोचते थे तो इसका मतलब है कि उनको राजनीति की बदलती दिशा का अंदाजा नहीं था।

असल में बुलडोजर भारतीय राजनीति और समाज में हुए बहुत बड़े बदलाव का प्रतीक है। यह भारतीय समाज या कम से कम एक बड़े समूह के कट्टर और हिंसक होते जाने और एक खास समुदाय के प्रति बदले की भावना के प्रबल होने का प्रतीक है। कट्टरता, हिंसा और बदले की भावना इस कदर मन मस्तिष्क में बैठी है कि एक बड़ी आबादी प्रयागराज में मोहम्मद जावेद का घर गिराए जाने की वीडियो और फोटो किलकारी मारते हुए शेयर कर रही है। पैगंबर मोहम्मद पर आपत्तिजनक टिप्पणी के खिलाफ प्रदर्शन करने वालों पर लाठी बरसाती पुलिस के वीडियो शेयर करके अगर सत्तारूढ़ दल का कोई विधायक उसे 'रिटर्न गिफ्ट' कहता है तो अंदाजा लगा सकते हैं कि देश की राजनीति और समाज किस दिशा में बढ़ रही है। अगर जुमे की नमाज के बाद मुसलमानों के प्रदर्शन के अगले दिन हुई बुलडोजर की कार्रवाई का हवाला देते हुए सत्तारूढ़ दल का कोई नेता कहे कि 'हर शुक्रवार के बाद एक शनिवार आता है' तो समझ सकते हैं कि किस तरह राज्य की ज्यादती को न्यायसंगत ठहराते हुए उसे मुख्यधारा का राजनीतिक विमर्श बनाया जा रहा है।

बुलडोजर के सहारे त्वरित न्याय के प्रति बढ़ती आस्था न्यायपालिका सहित देश की तमाम संवैधानिक संस्थाओं के अप्रासंगिक होते जाने का भी संकेत है क्योंकि बुलडोजर किसी व्यक्ति या उसके घर के ऊपर नहीं चल रहा है, बल्कि संवैधानिक व्यवस्था पर चल रहा है। तभी यह तय करने का समय है कि देश संवैधानिक व्यवस्था के हिसाब से चलेगा या बुलडोजर से चलेगा? क्या किसी सभ्य समाज में और नियम कानून के सहारे चलने वाले समाज में यह सोचा जा सकता है कि राज्य अपने ही नागरिकों के खिलाफ इस तरह की कार्रवाई करेगा? क्या किसी सभ्य राज्य में चुनी हुई सरकार को पुलिस, वकील और जज तीनों की भूमिका निभाने की इजाजत हो सकती है? लेकिन बुलडोजर चला रही सरकार अपने को हर कानून और हर संवैधानिक व्यवस्था से ऊपर मान रही है। उसे न्याय के बुनियादी सिद्धांत की भी परवाह नहीं है और ऐसा इसलिए है क्योंकि उसे भरोसा है कि जिन लोगों ने उसे वोट दिया है वे इससे खुश होंगे और इसका समर्थन करेंगे। इस लिहाज से यह एक सरकार का मनमानापन या संवैधानिक व्यवस्था की विफलता भर नहीं है, बल्कि एक सभ्य समाज के रूप में भारत और इसके नागरिकों के विफल होने का भी संकेत है।

इसे देश और समाज के अराजकता की ओर बढ़ने का संकेत भी मान सकते हैं। दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के चुने हुए निरकुंश शासन तंत्र यानी इलेक्टेड ऑटोक्रेसी में बदलने का संकेत भी मान सकते हैं। इस व्यवस्था में सरकार तय करेगी कब कौन प्रदर्शन करेगा, किसके प्रदर्शन पर लाठी चलानी है, किसको गिरफ्तार करना, किसका एनकाउंटर कर देना है, किसकी संपत्ति जब्त करनी है या किसके घर पर बुलडोजर चलाना है। पहले यह काम कानून से होता था लेकिन अब सत्ता की मर्जी से होने लगा है। सरकार ने देखा कि मोहम्मद जावेद शुक्रवार को जुमे की नमाज के बाद हुए प्रदर्शन में शामिल था तो अचानक सरकार को इलहाम हुआ कि जावेद जिस घर में रहता है वह अवैध है। सो, शनिवार को उसे नोटिस दिया गया और रविवार को बुलडोजर चला कर घर गिरा दिया। बाद में पता चला कि घर तो जावेद का था ही नहीं। घर जावेद की पत्नी परवीन फातिमा के नाम से था, जो उन्हें उनके पिता ने उपहार में दिया था। पूरा परिवार उसी घर में रहता था और बिजली-पानी का वैध कनेक्शन वहां लगा हुआ था, जिसका बिल समय से जमा किया जाता था। ऐसा नहीं है कि ये बातें प्रयागराज विकास प्राधिकरण के अधिकारियों को नहीं पता होंगी। वे भी जानते होंगे लेकिन चूंकि आरोपी का नाम जावेद है और सरकार बहादुर चाहते हैं कि उसका घर गिरा दिया जाए तो गिरा दिया जाए, बाद में जो होगा देखा जाएगा।

क्या प्रयागराज विकास प्राधिकरण इस बात की गारंटी दे सकता है कि जावेद के घर के आगे या पीछे बने बाकी मकान पूरी तरह से वैध हैं या उनमें कोई अवैध निर्माण नहीं हुआ है? अगर हुआ है तो उनको तोड़े जाने की बारी कब आएगी? असल में यह अवैध निर्माण के खिलाफ कार्रवाई ही नहीं है। यह कार्रवाई सबक सिखाने की है। आदमी को नाम से पहचान कर उसके खिलाफ सबसे बर्बर कार्रवाई करके मिसाल बनाने की है ताकि भय पैदा किया जा सके। यह एक राजनीतिक कार्रवाई है, जिसका मकसद अपने समर्थकों को यह संदेश देना है कि देखो हम वह कर रहे हैं, जिसका वादा करके आए थे। लेकिन ध्यान रहे आज जो बुलडोजर जावेद के घर पर चल रहा है वह हमेशा जावेद के घर पर ही चलता नहीं रहेगा। याद करें कैसे दिल्ली के जहांगीरपुरी में किसी झा साहेब की पान की दुकान बुलडोजर का पहला शिकार बनी थी। अगर कानून का राज खत्म होगा तो इस बात की गारंटी नहीं होगी कि सत्ता की सनक का अगला शिकार कौन होगा। इसलिए कानून के राज के क्षरण और संवैधानिक व्यवस्था के पतन का जश्न मनाना बंद करें और भावी खतरे को पहचानें। आरोपी को बिना समय दिए और बिना उसका पक्ष सुने की जाने वाली हर कार्रवाई देश की संवैधानिक व्यवस्था को कमजोर करने वाली है और संविधान-कानून के राज का कमजोर होना हर इंसान के कमजोर होने का कारण बनेगा, चाहे वह हिंदू हो या मुसलमान।

तुभ्येदिमा सवना शूर विश्वा तुभ्यं ब्रह्माणि वर्धना कृणोमि।
त्वं नृभिर्हव्यो विश्वधासि।।

(ऋग्वेद ७-२२-७)

हे परमेश्वर ! मेरी उपासना और मेरे यज्ञनिक कार्य आप को समर्पित हैं। आप ही समस्त जगत के धारक हो। आपके अतिरिक्त कोई और उपासना के योग्य नहीं है।

O God ! My adoration and my Yajanic works are dedicated to you. You are the Sustainer of the whole world. No one else is worthy of worship except you.
(Rig Veda 7-22-7)

# पांच साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म

संवाददाता

हरिद्वार। पांच साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म कर उसको सडक पर फैंक दिया। जिसकी हालत चिन्ताजनक बतायी जा रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार गत देर रात कलियर क्षेत्र मे एक पांच साल की बच्ची लहुलुहान हालत में सडक किनारे पडी मिली। जिसको आसपास के लोगों ने तत्काल चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां पर चिकित्सकों ने बच्ची के साथ दुष्कर्म की पुष्टि की। जिसके बाद बच्ची के परिजनों ने इसकी सूचना तत्काल कलियर थाना पुलिस को दी। बच्ची के साथ दुष्कर्म की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने आसपास के लोगो से जानकारी जुटाने का प्रयास किया लेकिन समाचार लिखे जाने तक कोई महत्वपूर्ण जानकारी पुलिस को नहीं मिली थी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# तमंचे सहित एक गिरफ्तार

हमारे संवाददाता

उधमसिंहनगर। वारदात की फिराक में घूम रहे एक बदमाश को पुलिस ने कल देर रात तमंचे सहित गिरफ्तार कर लिया गया है। जानकारी के अनुसार कल देर रात थाना केलाखेड़ा पुलिस गश्त पर थी। इस दौरान जब पुलिस रत्नामडय्या में पहुंची तो उसे वहां एक संदिग्ध व्यक्ति घूमता हुआ दिखायी दिया। पुलिस ने जब उसे रूकने का इशारा किया तो वह सकपका कर भागने लगा। इस पर उसे घेर कर दबोचा गया। तलाशी के दौरान पुलिस ने उसके पास से एक तमंचा बरामद किया।

पूछताछ में उसने अपना नाम फरमान पुत्र ताहिर ,निवासी रत्नामडय्या बताया। पुलिस ने उसे सम्बन्धित धाराओं के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया गया है।




## योग प्रशिक्षिक बेरोजगारो का धरना 25वें दिन जारी

संवाददाता

देंहरादून। योग प्रशिक्षिक बेरोजगारों का शिक्षा निदेशालय में धरना 25वें दिन भी जारी रहा।

आज यहां शिक्षा निदेशालय ननूरखेडा में योग प्रशिक्षिक बेरोजगारों का ध रना 25वें दिन जारी रहा। योग प्रशिक्षिकों ने शिक्षा मंत्री द्वारा राजकीय महाविद्यालयों में योग प्रशिक्षकों को नियुक्ति के निर्णय का स्वागत किया है तथा भरोसा जताया है कि माध्यमिक विद्यालयों में भी योग प्रशिक्षकों की नि युक्ति होगी तथा नियुक्ति प्रक्रिया तक योग प्रशिक्षिकों का अनिश्चितकालीन धरना जारी रहेगा। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष अमित नेगी, नितिन पंवार, नवीन राणा, शुभम मौजूद थे।

## दो दुपहिया वाहन चोरी

संवाददाता

देहरादून। चोरों ने दो स्थानों से दो दुपहिया वाहन चोरी कर लिये। पुलिस ने मुकदमें दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार हुसैनगंज लाइब्रेरी रोड निवासी विजय लाल ने मसूरी थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसने अपनी मोटरसाईकिल घर के बाहर खडी की थी लेकिन जब वह थोडी देर बाद वापस आया तो उसने देखा कि उसकी मोटरसाईकिल अपने स्थान से गायब थी। वहीं दून एन्क्लेव शिमला बाईपास रोड निवासी वरूण ने राजपुर थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि वह पैसेफिक मॉल में किसी काम से आया था तथा उसने अपनी एक्टिवा मॉल के बाहर खडी कर दी थी लेकिन जब वह थोडी देर बाद वापस आया तो उसकी एक्टिवा अपने स्थान से गायब थी। पुलिस ने दोनों मुकदमें दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## चोरी के सामान के साथ एक गिरफ्तार

संवाददाता

देहरादून। पुलिस ने चोरी के सामान के साथ एक को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कुणाल सिंह पुत्र हरपाल सिंह निवासी त्यागी रोड कोतवाली नगर ने मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसके घर से खाद्य सामान कॉस्मेटिक सामान म्यूजिक सिस्टम व मोबाइल तथा लैपटॉप आदि चोरी गया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। गठित टीम द्वारा रेलवे ट्रैक रीठा मंडी से देर रात्रि को राधेश्याम पुत्र पवन सिंह निवासी मद्रासी कॉलोनी थाना कोतवाली नगर देहरादून को चोरी गए सामान के साथ गिरफ्तार किया गया। उसने बताया कि उसने यह चोरी अपने साथी राहुल उर्फ इण्डिया के साथ की थी। पुलिस ने उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर राहुल की तलाश शुरू कर दी।

## भट्टीगॉव में धुए से दम घुटने से दो गायों की मौत

बेरीनाग (कासं)। बेरीनाग नगर पंचायत वार्ड तीन भट्टीगांव में चन्द्रशेखर पन्त पुत्र गोविन्द बल्लभ पन्त ने गौशाला के बाहर मच्छरो को भगाने के लिए शुक्रवार सुबह ११ बजें लगायी गयी आग के धुए से गौशाला में गैस बन गयी। जिससे गौशाला में बंधी हुई मौके पर दो गायों की मौत हो गई।चंद्रशेखर पंत के परिवार के सदस्य खेतों में गुडाई के लिए गये थे। जब दोपहर १बजे लौटे तो गोशाला में जाकर देखा दोनों गाय तडफ रही थी। उनकी इसकी सूचना पशु चिकित्साधिकारी डा प्रणव अग्रवाल मौके पर उन्होंने दोनों गायों को मृत धोषित कर दिया।

घटना की जानकारी मिलते ही नगर पंचायत अध्यक्ष हेम पंत सभासद प्रतिनिधि पूरन राम भी मौके पर पहुंचे। घटना पर दुख जताया। वही पुलिस हेडकास्टेबल सुरेन्द्र दानू और एलआईयू प्रभारी उपेन्द्र मेहता घटना स्थल पर पहुंचे। एसडीएम अनिल कुमार शुक्ला ने हादसे की जानकारी मिलते राजस्व उप निरीक्षक अंजता दुग्ताल के नेतृत्व में राजस्व टीम को मौके पर गयी। राजस्व टीम के द्वारा जांच की जा रही है चंद्रशेखर पंत की दोनों गाय के दूध से अपनी आजीविका चला रहे थे क्षेत्र में इस तरह की यह पहली घटना है। सभासद देवकी देवी ने प्रभावित परिवार को शीघ्र मुआवजा देने की मांग की है।

# सरकार का उपनल कर्मियों, आंदोलनकारियों पर सितम, खनन कारोबारियों पर करमः मोर्चा

नगर संवाददाता

विकासनगर। जन संघर्ष मोर्चा अध्यक्ष रघुनाथ सिंह नेगी ने कहा कि सरकार कर्मचारियों, आमजन के हितों को लेकर बड़े–बड़े दावे करती है, लेकिन धरातल पर बिल्कुल इसके उलट है। नेगी ने कहा कि उपनल कर्मियों के मामले में उच्च न्यायालय द्वारा जनहित याचिका में सरकार को इन कर्मचारियों को नियमित करने, जी.एस.टी. व सर्विस टैक्स आदि न काटने के निर्देश दिये थे, लेकिन सरकार द्वारा इन कर्मचारियों की राह में रोड़ा अटकाने को उक्त आदेश के खिलाफ सर्वोच्च न्यायालय में एस.एल.पी. दाखिल की गयी। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा उक्त आदेश पर रोक लगा दी गयी जो कि आज भी लंबित है।

नेगी ने कहा कि राज्य आंदोलनकारियों



के क्षेतिज आरक्षण मामले में सरकार की तरफ से की गई लचर पैरवी ने आंदोलनकारियों पर कुठाराघात करने का काम किया है। सरकार मॉडिफिकेशन एप्लीकेशन एवं अपने नोटिफिकेशन को बचाने में नाकामयाब रही यानी सरकार की मंशा आंदोलनकारियों के हितों की रक्षा करना कतई नहीं था। नेगी ने कहा कि एक तरफ सरकार खनन कारोबारियों के हितों की रक्षा हेतु उच्च न्यायालय, नैनीताल में योजित खनन कारोबार से जुड़ी दो जनहित याचिकाओं में सॉलिसिटर जनरल ऑफ इंडिया को विशेष तौर पर पैरवी हेतु आबद्ध (एंगेज) करती है, लेकिन राज्य आंदोलनकारियों के मामले में कोई मजबूत पैरवी नहीं करती। नेगी ने कहा कि पूर्व में उच्च न्यायालय द्वारा अपने आदेश द्वारा आरक्षण पर रोक लगा दी गई थी। मोर्चा सरकार से मांग करता है कि वह खनन माफियाओं व कारोबारियों की चिंता छोड़ उपनल कर्मियों के मामले में सुप्रीम कोर्ट में सरकार द्वारा योजित एसएलपी वापस ले व आंदोलनकारी आरक्षण मामले में मजबूत पैरवी करे।

# पांच दर्जन वाहनों के खिलाफ प्रशासन ने की कार्रवाई



कार्यालय संवाददाता

बेरीनाग। लगातार हो रही है वाहन दुर्घटनाओं को रोकने के लिए और नियमों के विरुद्ध चल रहे वाहन चालकों के खिलाफ तहसील प्रशासन और पुलिस के द्वारा संयुक्त अभियान बेरीनाग के विभिन्न क्षेत्रों चलाया। एसडीएम अनिल कुमार शुक्ला और थानाध्यक्ष हेम चन्द्र तिवारी के नेतृत्व में चले अभियान में तेज गति से वाहन चलाने और वाहन चलाते समय मोबाइल पर बात करने और क्षमता से अधिक सवारी बैठाने और बिना हैलमेट के बाइक चलाने

### ❑नो पार्किंग में खड़े वाहनों का भी चालान

और बेरीनाग बाजार में नो पार्किंग जोन में खड़े वाहनों के खिलाफ चालान की कार्रवाई की गयी। पांच दर्जन वाहनों का आनलाइन चालान करने के साथ ही जुर्माना भी वसूला। वही बेरीनाग बाजार में एसडीएम और थानाध्यक्ष के नेतृत्व पुलिस टीम ने बाजार का दौरा कर अनियंत्रित तरीके से खड़े वाहनों का भी चालान किया। गुरुवार को देररात्रि तक उडियारी बैंड, देवीनगर आदि स्थानों पर वाहनों की चेकिंग की गयी।

एसडीएम अनिल कुमार शुक्ला ने बताया की यह अभियान लगातार जारी रहेगा बार बार नियमों के विरुद्ध पकड़े जाने पल ड्राइविंग लाइसेंस निरस्त और गाडी परिमट निरस्त की कार्रवाई की जायेगी। इस अभियान में थानाध्यक्ष हेम चन्द्र तिवारी, हेडकास्टेबल सुरेन्द्र दानू, संजीव यादव, संतोष डोबाल, बालम रौतेला, प्रमोद कुमार आदि मौजूद थे। प्रशासन की इस कार्रवाई से वाहन चालकों में हडकंप मचा हुआ है।

# उत्तराखंड लोक मंच की एक और बेहतर पहल

कार्यालय संवाददाता

देहरादून। गढ़वाली, कुमाऊँनी और जौनसारी अकादमी, दिल्ली सरकार द्वारा दिल्ली के स्कूलों में चल रहे ग्रीष्मकालीन अवकाश का लाभ उठाते हुए दिल्ली के विभिन्न क्षेत्रों में रह रहे उत्तराखंड के नौनिहालों के लिए दस जून से बाल–रंगमंच कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें तैयार गढ़वाली, कुमांउनी व जौनसारी भाषा के नाटकों का मंचन हमारे नौनिहालों द्वारा तीन जुलाई से आई. टी.ओ.स्थित प्यारेलाल भवन में किया जायेगा।

इस दिशा में अपने बाल कलाकारों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से उत्तराखंड लोक मंच ने आज दिल्ली के विभिन्न केंद्रों में जाकर अपने बाल कलाकारों के लिए जलपान की व्यवस्था की, साथ ही कहा की यह व्यवस्था तब तक रहेगी जब तक कार्यशाला चलेगी।

लोकमंच द्वारा अभी यह सुविधा दिल्ली के पांच केंद्रों में मुहैया करवायी गयी है, इसी के साथ यह सुविधा दिल्ली में चल रहे सभी प्रशिक्षण केंद्रों में भी की जायेगी।

उत्तराखंड लोक मंच ने इस तरह की कार्यशाला के आयोजन को अकादमी का प्रशंसनीय कार्य बताते हुए अकादमी के चैयरमैन व दिल्ली के उप–मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया का भी धन्यवाद किया है।

लोक मंच द्वारा अभी यह सुविधा निम्नलिखित केंद्रों में उपलब्ध करवायी गयी है जिसमें सेन्ट जोन्स पब्लिक स्कूल गली नं.–११२, सन्तनगर बी–ब्लॉक, बुराड़ी, दिल्ली–८४ ,कार्यशाला– केन्द्र सं.७ में हिम्मत सिंह नेगी के निर्देशन में जीतू बगड़वाल गढवाली नाटक का प्रशिक्षण चल रहा है।

स्वास्तिक पब्लिक स्कूल, खसरा नं–४४, मेन रोड़, सुशांत विहार, इब्राहमपुर एक्स. नजदीक पुलिस चौकी, नई दिल्ली–३६, कार्यशाला–केन्द्र सं.१२ में भगवत मनराल के निर्देशन में कुमाउंनी भाषा में बारमासा नाटक का प्रशिक्षण चल रहा है।

अभिनव पब्लिक स्कूल सी यू ब्लॉक, पीतमपुरा, नई दिल्ली ११००३४,कार्यशाला–केन्द्र सं.२ में जौनसारी भाषा में राजेन्द्र तोमर के निर्देशन में महासू देवता नाटक का प्रशिक्षण चल रहा था।

सेन्ट गिरी उ.मा. विद्यालय पॉकेट २५/२७ सेक्टर–०३, रोहिणी, दिल्ली –११००८५, कार्यशाला–केन्द्र सं.५ में सुवर्ण रावत के निर्देशन में गढवाली नाटक तीलू रौतेला का प्रशिक्षण चल रहा है।

बी.सी.सी मॉडल स्कूल जी–५, सेक्टर–१६, रोहिणी, नई दिल्ली ११००८६,कार्यशाला–केन्द्र सं.१३ में गढ़वाली भाषा में रामी–बौराणी नाटक का प्रशिक्षण चल रहा है।

# बाजार में मौजूद हैं कई तरह के फेस हाइलाइटर!

हाइलाइटर चेहरे के बेस्ट फीचर्स को हाइलाइट करने और उसकी कुछ कमियों को छिपाने में मदद करता है। यही कारण है कि सिर्फप्रोफेशनल्स ही नहीं बल्कि आम लड़कियां भी अपनी मेकअप किट में हाईलाइटर को जगह देती हैं। वैसे बाजार में पांच तरह के फेस हाइलाइटर मौजूद हैं और अगर आपको नहीं पता कि इनमें से किसका चयन करना चाहिए तो परेशान न होइए। आइए आज हम आपको इन पांच हाइलाइटर्स की विशेषताएं बताते हैं।

स्ट्रॉबिंग क्रीम

अगर आप चाहते हैं कि आपकी त्वचा प्राकृतिक रूप से चमके तो आपके लिए स्ट्रॉबिंग क्रीम का इस्तेमाल करना एकदम सही है। यह एक प्रकार का चमकीला मॉइश्चराइजर या प्राइमर हता है, जो आपके चेहरे को विशेष हिस्सों को हाइलाइट करने में मदद कर सकता है। आप चाहें तो चेहरे पर फाउंडेशन लगाने से पहले भी स्ट्रॉबिंग क्रीम लगा सकते हैं या इसे अपने फाउंडेशन के साथ मिला सकते हैं।

स्टिक हाइलाइटर

एक स्टिक हाइलाइटर मोटे क्रेयॉन की तरह ठोस होता है, जो मेकअप बिगनर्स के इस्तेमाल के लिए सही माना जाता है क्योंकि इनका इस्तेमाल करना काफी आसान होता है। आप चाहें तो इसे सीधा अपने चेहरे पर लगा सकते हैं। स्टिक हाइलाइटर आमतौर पर पैराफिन या बीजवैक्स से तैयार किए जाते हैं। आप इस हाइलाइटर का इस्तेमाल आईलिड पर भी कर सकते हैं। हालांकि, हाइलाइटर को चेहरे पर अच्छे से ब्लेंड करने के लिए अपनी उंगलियों का इस्तेमाल जरूर करें।

लिक्विड हाइलाइटर

अगर आप किसी अवसर के लिए हैवी मेकअप करने वाले हैं तो उस दौरान लिक्विड हाइलाइटर का इस्तेमाल करें। यह हाइलाइट कांच या प्लास्टिक की बोतल में ड्रॉपर के साथ आता है। इसके अतिरिक्त, इसमें ऐसे तेल मौजूद होते हैं, जो आसानी से आपकी त्वचा में समा जाते हैं। रूखे प्रकार की त्वचा के लिए यह बेस्ट ऑप्शन है। अपने लिक्विड हाइलाइटर को अपने फाउंडेशन के साथ मिलाएं और परफेक्ट ग्लो के लिए इसे अपनी त्वचा पर लगाएं।

पाउडर हाइलाइटर

अगर आपकी त्वचा तैलीय प्रकार की है तो आपके लिए पाउडर हाइलाइटर का इस्तेमाल करना अच्छा है। वहीं, रूखे प्रकार की त्वचा वाले लोग उचित मॉइश्चराइजेशन के बाद इसका इस्तेमाल कर सकते हैं ताकि त्वचा पर रूखे पैच न पड़े। पाउडर हाइलाइटर शिमरी पाउडर होता है, जो कॉम्पैक्ट पाउडर की तरह दिखता है। पूरा मेकअप करने के बाद पाउडर हाइलाइटर को ब्रश से लगाएं। आप इसे अपनी आंखों के अंदरूनी कोनों पर भी लगा सकते हैं।

ब्रिक हाइलाइटर

ब्रिक हाइलाइटर सभी प्रकार की त्वचा के लिए एकदम सही है। यह हाइलाइटर भी पाउडर आधारित होता है, जिसमें छोटे-छोटे चमकीले कण होते हैं और प्रत्येक रंग के लिए अलग-अलग पंक्तियां होती हैं। आप अपने कस्टम हाइलाइटर रंग बनाने के लिए अलग-अलग रंगों को एक साथ मिला सकते हैं या इसे अलग से एक ब्रोंजर या ब्लश के रूप में इस्तेमाल कर सकते हैं। आप चाहें तो इसे बतौर आईशैडो भी इस्तेमाल कर सकते हैं।(आरएनएस)

# इंटरनेट का पारा हाई करती नजर आई ईशा तलवार

वेब सीरीज मिर्जापुर 2 में माधुरी यादव के किरदार से सुर्खियां बटोरने वालीं ईशा तलवार अपने हुस्न का जमकर जलवा बिखेरती हैं. भले ही सीरीज में ईशा हमेशा सिंपल लुक में नजर आई थीं, लेकिन उनकी रियल लाइफ की तस्वीरें देखकर आपके होश उड़ जाएंगे.

ईशा तलवार सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और अपनी एक से एक हॉट तस्वीरें शेयर करती रहती हैं, जिसे उनके फैंस बहुत पसंद करते हैं. उनकी हर एक अदा बहुत कातिलाना है और इसका सबूत उनका इंस्टाग्राम अकाउंट है.

ईशा तलवार कभी बिकिनी तो कभी मोनोकिनी में अपनी हॉटनेस से इंटरनेट का पारा हाई कर देती हैं. उनकी तस्वीरों को जमकर लाइक और शेयर किया जाता है.

तस्वीरों में ईशा तलवार ने अपने परफेक्ट फिगर को फ्लॉन्ट किया है. उनकी हर एक फोटो को लाखों में लाइक्स मिलते हैं. फैंस कमेंट सेक्शन में ईशा की तारीफ करते थकते नहीं है.

मिर्जापुर में ईशा तलवार ने मुन्ना त्रिपाठी यानी दिव्येंदु शर्मा की पत्नी माधुरी यादव का रोल निभाया था, जिसे बहुत पसंद किया गया. मालूम हो कि हाल ही में मिर्जापुर 3 का ऐलान किया गया है, जिसमें वह एक बार फिर नजर आएंगी.(आरएनएस)

## वैधानिक सूचना

सुविज्ञ पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गए तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति वह खुद भी आश्वस्त हो लें। पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहारिक जानकारी कर लें। भविष्य में किसी भी प्रकाशित विज्ञापन में निहित दावों या शर्तों को लेकर पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो *सांध्य दैनिक दून वैली मेल* के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

–प्रबंधक विज्ञापन

# घर को प्राकृतिक रूप से महकाने में मदद कर सकते हैं पौधे



घर को महकाने के लिए लोग तरह-तरह के रूम फ्रेशनर का इस्तेमाल करते हैं, लेकिन ये काफी महंगे होते हैं और इनकी आर्टिफिशियल खुशबू स्वास्थ्य को भी नुकसान पहुंचा सकती है, इसलिए इनके इस्तेमाल से बचें। आप चाहें तो खुशबूदार पौधे लगाकर अपने घर को प्राकृतिक रूप से महका सकते हैं। आइए आज हम आपको पांच ऐसे पौधों के बारे में बताते हैं, जो घर की सुंदरता में इजाफा करने के समेत खुशबू फैलाने में भी मदद कर सकते हैं।

पैशन फ्लावर्स का पौधा

यह पौधा न सिर्फआपके घर को एक हल्की सुगंध से भर देता है बल्कि इसके फूल भी घर की खूबसूरती को बढ़ा देते हैं। रूम फ्रेशनर के लिए एक आदर्श प्राकृतिक विकल्प इस पौधे के फूल गर्मियों में खिलना शुरू करते हैं और सर्दियों तक ठीक रहते हैं। इस पौधे को आप घर के अंदर और बाहर दोनों तरफ लगा सकते हैं, लेकिन ध्यान रखें कि यह पौधा अतिरिक्त देखभाल की मांग करता है।

गार्डेनिया का पौधा

गार्डेनिया एक विदेशी पौधा है, जिसकी खूशबू आपके घर को महकाने के साथ-साथ अरोमाथेरेपी का काम करके आपको तनाव, चिंता आदि से छुटाकारा दिला सकती है। तेज खुशबू वाला यह सफेद रंग के फूल से भरा पौधा दिमाग को शांत रखने में मदद करता है, जिससे आपको सुकून की नींद आराम से मिल सकती है। अगर आप इस पौधे को बेडरूम में रखते हैं तो यह आपके कमरे को महकाने लगेगा, जिसके जरिए आपको कई तरह स्वास्थ्य लाभ मिलेंगे।

चमेली का पौधा

चमेली पौधा अपनी खुशबू और सुंदर सफेद रंग के फूलों के लिए जाना जाता है। यह एक बारहमासी पौधा है क्योंकि इसके फूल पूरे साल खिलते हैं। इस पौधे को हल्की धूप वाली जगह पर रखना सुरक्षित है। वहीं, इसके गमले में पर्याप्त मात्रा में पानी जरूर डालें। आपको गर्मियों के दौरान इस पौधे में ज्यादा पानी डालना पड़ सकता है। जब भी इसके गमले की मिट्टी एक इंच तक सूखी लगे, तब इसे पानी दें।



लैवेंडर का पौधा

लैवेंडर का पौधा भी आपके घर को प्राकृतिक रूप से महका सकता है। वहीं, इसका इस्तेमाल भी अरोमाथेरेपी के लिए किया जाता है। इससे हमारा मतलब है कि इस पौधे की सुगंध दिमाग को सुकून देने में सहायक मानी जाती है। इस पौधे को भी ज्यादा केयर की जरुरत नहीं होती है। बस इसको खुली जगह पर रखकर इसमें तीन-चार दिन में एक बार पानी डालना होता है। हालांकि, ध्यान रखें कि इस पर धूप पडऩा भी जरूरी है।

लेमनग्रास का पौधा

लेमनग्रास भी एक सुगंधित पौधा है, जिसकी पत्तियां ही आपके घर को प्राकृतिक रूप से महकाने का काम कर सकती हैं। वहीं, इस पौधे की पत्तियों का इस्तेमाल आप चाय के लिए कर सकते हैं क्योंकि इसके सेवन से ताजगी महसूस होती है। यह एक ऐसा रिफ्रेशिंग पौधा है, जिसको आप घर में किसी मिट्टी के गमले में आसानी से लगा सकते हैं, लेकिन ध्यान रखें कि यह पौधा अतिरिक्त देखभाल की मांग करता है। (आरएनएस)

## शब्द सामर्थ्य -73

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. समाप्ति, खात्मा 3. रोगी, बीमार 5. गंभीरता, गहराई 6. बलपूर्वक, जबरदस्ती, व्यर्थ 9. लानत, तिरस्कार सूचक एक शब्द 10. लक्ष्मी, कमला 11. औषधालय 13. नाव खेने का लकड़ी का यंत्र 14. सतह, 'लेवल' 15. बिजली, तड़ित 17. चौकसी, सावधानी, बचाव 19. कहने वाला, वाचनकर्ता 20. सुंदर, अच्छा, बढ़िया 21. लगातार, तड़-तड़ करते हुए।

**ऊपर से नीचे**

1. शरीर का कोई भाग, शरीर 2. खोज-बीन, जांच-पड़ताल 3. वोट देने का हक 4. जो अत्यधिक शक्तिशाली व कठोर प्रकृति का हो, दृढ़, मजबूत 7. बरसात, पावस, बारिश 8. भरना, अटना, अंदर करना 12. घटना, हादसा, दुर्घटना 13. लिबाज़, पहनने का ढंग 16. नीला वस्त्र पहने वाला, नीला वस्त्र 17. ऐक्य, एक होने का भाव 18. दिल्ली स्थिति प्रसिद्ध जेल।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | ■ | 3 | | 4 | ■ | ■ | ■ |
| 5 | | | | ■ | 6 | | 7 | 8 |
| ■ | | ■ | 9 | | | ■ | 10 | |
| ■ | | ■ | | ■ | 11 | 12 | | |
| 13 | | | | ■ | 14 | | ■ | ■ |
| | ■ | ■ | ■ | ■ | ■ | 15 | | 16 |
| | ■ | 17 | | 18 | | | ■ | |
| 19 | | | ■ | | ■ | ■ | 20 | |
| ■ | ■ | 21 | | | | | ■ | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 72 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वा | स्ता | ■ | ■ | सि | स | की | ■ | ■ |
| जि | ■ | ल | प | ट | ■ | मा | चि | स |
| ब | द | ला | ■ | क | ■ | ■ | ल | ■ |
| ■ | ■ | ट | ■ | नी | ल | क | म | ल |
| ता | ली | ■ | का | ■ | की | ■ | ■ | हू |
| क | ■ | स | रो | का | र | ■ | ■ | लु |
| झां | ■ | ज | बा | न | ■ | म | सी | हा |
| क | च | ना | र | ■ | भा | र्या | ■ | न |
| ■ | र्म | ■ | ■ | ज | र | दा | ■ | ■ |

# 15 जुलाई को रिलीज होगी पंचायत स्टार जितेंद्र कुमार की जादूगर

पंचायत के अभिनेता जितेंद्र कुमार की आगामी स्पोर्ट्स ड्रामा जादुगर 15 जुलाई को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होने के लिए बिल्कुल तैयार है। एक फुटबॉल-प्रेमी शहर नीमच में स्थापित, जादुगर एक छोटे समय के जादूगर, मीनू की कहानी है, जिसमें कोई एथलेटिक कौशल नहीं है, जिसे अपने प्यार से शादी करने के लिए एक प्रतिष्ठित इंटर-कॉलोनी फुटबॉल टूर्नामेंट में अपनी योग्यता साबित करनी होगी। जिंदगी उसके खिलाफसिर्फदो चीजें हैं - लड़की उसे वापस प्यार नहीं करती है और उसकी टीम ने वर्षों में एक भी गेम नहीं जीता है। फिल्म का निर्देशन समीर सक्सेना ने किया है, जो पॉशम पा पिक्च र्स द्वारा निर्मित है, और इसमें जितेंद्र कुमार, जावेद जाफ्री और अरुशी शर्मा मुख्य भूमिकाओं में हैं। फिल्म के बारे में विस्तार से बताते हुए, निर्देशक समीर सक्सेना ने कहा, जादुगर हमारा प्रयास है कि हम खेल और रोमांस पर एक पूरी तरह से नए सिरे से पेश करें। फिल्म में एक अन्य प्रमुख तत्व के रूप में जादू के साथ, हमने एक ऐसी कहानी बताने की कोशिश की है जो मनोरंजन पर आधारित हो। और बेहद व्यापक दर्शकों को पूरा करता हैनिर्माता अमित गोलानी और सौरभ खन्ना ने कहा, पोशम पा पिक्च र्स अपनी पहली फिल्म जादुगर को लेकर बेहद उत्साहित है, जो एक छोटे से शहर में स्थापित एक हल्की-फुल्की कहानी है।

# अभिनेता वेमल ने शिवकार्तिकेयन अभिनीत डॉन की यूनिट की प्रशंसा की

अभिनेता वेमल ने हाल ही में रिलीज हुई शिवकार्तिकेयन-स्टारर डॉन की यूनिट की तारीफ करते हुए कहा कि फिल्म एक अच्छी एंटरटेनर है। आमतौर पर कम बोलने वाले अभिनेता ने ट्विटर पर तमिल में लिखा कि उन्होंने नेटफ्लिक्स पर केवल शनिवार को फिल्म देखी थी और उन्होंने पाया कि यह अच्छा मनोरंजन करती है। मुझे खुशी है कि यह फिल्म मेरे छोटे भाई शिवकार्तिकेयन के लिए एक और सफल उद्यम बन गई है। एस.जे. सूर्या, जिन्होंने एक ऐसा किरदार निभाया था, जो एक जिम्मेदार शिक्षक बनने से पहले एक खलनायक की तरह दिखने लगा था, वह प्यारा था। बड़े भाई समुद्रकनी, अभिनेता सोरी, संगीत निर्देशक अनिरुद्ध, अभिनेता बाला सरवनन और छायाकार भास्करन और फिल्म के पूरे दल को मेरी शुभकामनाएं। वास्तव में विशेष है कि निर्देशक सिबी चक्रवर्ती की पहली फिल्म ही विजेता बनकर उभरी है। 13 मई को स्क्रीन पर हिट हुई फिल्म ने इस साल 10 जून को नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीमिंग शुरू की थी।

# जीवी प्रकाश-स्टारर इदिमुझक्कम का फर्स्ट लुक जारी

अभिनेता, निर्माता और राजनेता उदयनिधि स्टालिन ने निर्देशक सीनू रामासामी की आगामी एक्शन एंटरटेनर फिल्म इदिमुझक्कम का पहला लुक जारी कर दिया है। इस फिल्म में अभिनेता जीवी प्रकाश और गायत्री मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म का जो फर्स्ट लुक जारी हुआ है, उसमें जीवी प्रकाश देहाती लुक में और खंजर पकड़े हुए नजर आ रहे हैं। स्काईमैन फिल्म्स इंटरनेशनल कलीमगन मुबारक द्वारा निर्मित इस फिल्म में संगीत एनआर रघुनाथन का है और गीत कविपेररसु वैरामुथु के हैं। जीवी प्रकाश कुमार और गायत्री के अलावा, स्टार कास्ट में अन्य लोगों में सरन्या पोनवन्नन, एमएस भास्कर और अरुलडॉस शामिल हैं। अपने ट्विटर टाइमलाइन पर फिल्म का पहला लुक जारी करने के बाद उदयनिधि स्टालिन ने कहा, सीनू रामासामी की इदिमुझक्कम फर्स्ट लुक लॉन्च करते हुए खुशी हो रही है। फिल्म के नायक जीवी प्रकाश के जन्मदिन के मौके पर सोमवार को यूनिट द्वारा फिल्म का पहला लुक जारी किया गया।उदयनिधि स्टालिन द्वारा फर्स्ट लुक जारी करने के तुरंत बाद, जीवी प्रकाश ने ट्वीट किया, आपकी सभी इच्छाओं को प्राप्त करने के लिए धन्य और आभारी। धन्यवाद पर्याप्त नहीं है। यहां मेरी अगली सीनू रामासामी की इडिमुझक्कम फर्स्ट लुक का पहला लुक है।

# एक्शन एंटरटेनर गजाना में मुख्य भूमिका निभाएंगी वेदिका

अभिनेत्री वेदिका निर्देशक प्रबदीश सामज की आगामी एक्शन एंटरटेनर फिल्म गजाना में मुख्य भूमिका निभाएंगी। यूनिट के करीबी सूत्रों का कहना है कि फिल्म का शीर्षक, जो अब तक वीरपन्निन गजाना था, अब बदलकर सिर्फ गजाना कर दिया गया है। दिलचस्प बात यह है कि मुख्य भूमिका निभाने वाली वेदिका फिल्म में एक्शन स्टंट करती नजर आएंगी, जिसकी कहानी खजाने की खोज की तर्ज पर होगी। वेदिका के अलावा, फिल्म में इनिको प्रभाकर, चांदिनी, योगी बाबू, प्रताप पोथेन, मोत्तई राजेंद्रन और वेलु प्रभाकरन भी शामिल होंगे। फिल्म के लिए छायांकन गोपी द्वारा किया जाएगा, जबकि संगीत आर.जे. विक्रम. सेनगोवी ने इस फिल्म के संवाद लिखे हैं, जिसे दीपक संपादित कर रहे हैं। एक्शन एंटरटेनर का निर्माण फेर स्क्वयर स्टूडियो द्वारा किया जा रहा है।( आरएनएस)

# मॉडल कमल चीमा सपनों को पूरा करने मुंबई पहुंची



हाल ही में परफैक्ट अचीवर्स अवार्ड जीतने वाली पंजाबी लिरिसिस्ट, म्यूजिशियन और मॉडल कमल चीमा की हुस्न की खूबसूरती का जवाब नहीं। सिंगिंग उनका टैलेंट है, तो फैशन की दुनिया में खूबसूरती उनकी पहचान। नए जमाने से कदम से कदम मिलाकर चलने वाली और चंडीगढ़ की रहने वाली यह भारतीय सुंदरी एक मॉडल और एक महत्वाकांक्षी अभिनेत्री के रूप में अपने जीवन के सभी सपनों को पूरा करने के लिए मुंबई में रहती है।

साथ ही सोशल मीडिया के जरिये भी सुर्खियों में रहती हैं। कमल चीमा अब तक अपने करियर में कई म्यूजिक वीडियो में काम कर चुकी हैं। उन्हें अमृत बराड़ के पंजाबी संगीत एल्बम, कुड़ियां में भी दिखाया गया था। कमल चीमा ने वर्ष 2019 में थाईलैंड, बैंकॉक में अंतर्राष्ट्रीय सुपरमॉडल सौंदर्य प्रतियोगिता जीती।

इसने उन्हें उद्योग में आगे बढ़ाया, जहां उन्हें कई सौंदर्य प्रतियोगिताओं और युवा सहायक शो और पुरस्कारों के लिए जज के रूप में भी आमंत्रित किया गया था। युवा और खूबसूरत मॉडल ने मॉडल व्यू और मॉडल क्राफ्ट जैसी पत्रिकाओं और कई अन्य मीडिया और साइटों पर छापा है। आपको बता दें कि कमल चीमा बेहद प्रतिभशाली और डेडिकेटेड कलाकार हैं।

इसका अलावा वे सोशल मीडिया पर भी खूब एक्टिव रहती हैं। यही वजह है कि वे अपनी हर एक्टिविटी को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से शेयर करती नजर आती हैं। कमल बला की खूबसूरत भी हैं। यह आप उनके सोशल अकाउंट पर बखूबी देख सकते हैं। कमल चीमा को इंस्टाग्राम पर सिर्फ 132 के से अधिक लोग फॉलो करते हैं।

इतना ही नहीं उनके हर पोस्ट को लोग खूब लाइक और शेयर भी करते हैं। उनके फैन्स को उनके हर एक पोस्ट का बेसब्री से इंतज़ार होता है। ये कमल चीमा भी बखूबी समझती हैं और उन्हें कभी निराश नहीं करती हैं। अक्सर अपनी गतिविधियों से इंस्टाग्राम पर अपडेट रहती हैं। दूसरे सेलिब्रिटी की तरह वे भी सोशल मीडिया फ्रीक हैं। तभी सोशल मीडिया में उनका जलवा भी खूब देखने को मिलता है।

# सनी, संजय, मिथुन और जैकी की फिल्म का नाम होगा बाप

बॉलीवुड में बड़े कलाकारों के अभिनय से सजी फिल्मों को दर्शक काफी पसंद करते हैं। हाल में खबर आई थी कि सनी देओल, संजय दत्त, जैकी श्रॉफऔर मिथुन चक्रवर्ती एक फिल्म के लिए साथ आ रहे हैं। यह एक एक्शन थ्रिलर फिल्म है। अब इस प्रोजेक्ट को लेकर एक रोचक जानकारी सामने आई है। खबरों की मानें तो इस फिल्म का शीर्षक बाप रखा गया है। हालांकि इसको लेकर कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई है।

रिपोर्ट के मुताबिक, सनी, संजय, मिथुन और जैकी की आगामी फिल्म का नाम बाप रखा गया है। एक सूत्र ने कहा, शीर्षक बाप 80 के दशक के एक्शन लीजेंड्स सनी, संजय, जैकी और मिथुन की उपस्थिति को न्यायसंगत ठहराता है। मेकर्स इसे सभी एक्शन फिल्मों के बाप (एक्शन फिल्मों के जनक) के रूप में स्थान दिलाने की योजना बना रहे हैं। 14 जून को मुंबई में फिल्म की शूटिंग शुरू होगी।

रिपोर्ट की मानें तो यह फिल्म अगले साल रिलीज हो सकती है। सूत्रों ने बताया कि मेकर्स इसे छुट्टियों या बड़े त्योहारों के मौके पर रिलीज करेंगे। माना जा रहा है कि एक्शन फिल्मों के दर्शकों के लिए यह फिल्म किसी तोहफे से कम नहीं होगी। इस फिल्म में ये चारों अभिनेता एक अलग अंदाज में नजर आएंगे। सनी, संजय, मिथुन और जैकी की फैन फॉलोइंग बहुत तगड़ी है, इस लिहाज से मेकर्स को फिल्म से बहुत उम्मीदें हैं।

जी स्टूडियोज और अहमद खान मिलकर इस फिल्म को प्रोड्यूस करेंगे। विवेक चौहान फिल्म के निर्देशन की कमान संभाल सकते हैं। हालांकि, फिल्म के कलाकारों की डेट्स को मैच करना काफी मुश्किल भरा काम होगा। यह पहला मौका होगा जब सनी, संजय, मिथुन और जैकी किसी फिल्म में एक साथ नजर आएंगे। स्वाभाविक तौर पर इन बड़े सितारों से सजी फिल्म को देखने के लिए दर्शकों का उत्साह सातवें आसमान पर होगा।

निर्देशक विवेक मशहूर अभिनेता रणदीप हुड्डा की फिल्म रैट ऑन अ हाइवे पर काम कर रहे हैं। इसका निर्देशन विवेक ही कर रहे हैं। यह एक थ्रिलर फिल्म है, जिसका निर्माण मोहन नादर करेंगे।

सनी थ्रिलर फिल्म चुप में नजर आएंगे। इसमें सनी के साथ अमिताभ बच्चन दिखाई देंगे। इसके अलावा वह फिल्म अपने 2 को लेकर भी चर्चा में हैं। गदर 2 भी सनी की आगामी बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। संजय दत्त हाल ही में फिल्म केजीएफ2 और सम्राट पृथ्वीराज में दिखे हैं। सुनील आखिरी बार वरुण तेज की फिल्म गनी में नजर आए हैं। वहीं, मिथुन ने कुछ समय पहले दी द कश्मीर फाइल्स में अपना जलवा दिखाया था।

# 9 सितंबर को सिनेमाघरों में प्रदर्शित होगी ब्रह्मास्त्र




ब्रह्मास्त्र का ट्रेलर और इसके वीएफएक्स आपके रोंगटे खड़े कर देगा जैसे ही फिल्म का ट्रेलर शुरू होता है सबसे पहले बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन की दमदार आवाज़ सुनाई देती है। जिसके बाद फिल्म में आग- पानी और अस्त्रों-शस्त्रों के खतरनाक विजुअल्स आपकी आँखों को बस एक टक लगाए देखने को मजबूर कर देंगे। फिल्म के डायलॉग्स की बात करें तो वो भी दिल को छू लेने वाले हैं। वीडियो में अमिताभ बच्चन एक डायलॉग बोलते हुए दिखाई देते है।

अग्नी, जल, वायु, प्राचीन काल से हमारे बीच कुछ ऐसी शक्तियां हैं जो अस्त्रों में भरी हुई हैं। ये कहानी है इन सारे अस्त्रों के देवता की ब्रह्मास्त्र। और एक ऐसे नवजवान की जो इस बात से अंजान है कि वो ब्रह्मास्त्र के किस्मत का सिकंदर है शिवा। जिसके बाद ट्रेलर में अगली झलक आलिया भट्ट की दिखाई देती है। जिसके बाद फिल्म के अन्य स्टारकॉस्ट नागार्जुन और मौनी रॉय निगेटिव रोल में दिखते हैं। आपको बता दें की ट्रेलर को रिलीज़ होते अभी कुछ ही घंटे हुए हैं और इसने यूट्यूब पर मिलियल्स व्यूज को पार कर लिया है।

खबर ये भी है कि फिल्म की ओपनिंग ही शाहरुख खान के सीक्वेंस के साथ होने वाली है। किंग खान का सीन करीब दस मिनट का है। शाहरुख फिल्म सिटी में इस सीन की शूटिंग कर रहे थे। लेकिन ट्रेलर में हमें इस खबर से जुड़ा कोई सुराग नहीं मिला है और न ही फिल्ममेकर्स ने इस खबर पर कोई आधिकारिक पुष्टि की है।धर्मा प्रोडक्शंस के बैनर तले बनी ये फिल्म 09 सितंबर, 2022 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# महंगाई घटाने की चिंता पर कमाई की ?

अजीत द्विवेदी

भारतीय रिजर्व बैंक ने वहीं किया, जो इस स्थिति में आमतौर पर किया जाता है। महंगाई रोकने के लिए उसने नीतिगत ब्याज दर यानी रेपो रेट और नकद आरक्षित अनुपात यानी सीआरआर में बढ़ोतरी की। रेपो रेट और सीआरआर को सरल शब्दों में समझें तो रेपो रेट बढने का मतलब होता है कि कर्ज लेना महंगा होगा, इससे आवास और वाहन की मांग घटेगी। सीआरआर बढने का मतलब है कि बैंकों को अब रिजर्व बैंक के पास ज्यादा नकदी जमा रखनी होगी। इससे बाजार में नकदी कम होगी।

यानी सरकार कर्ज महंगा करके मांग घटा रही है और बाजार से नकदी खींच कर लोगों को कम खर्च के लिए बाध्य कर रही है। महंगाई कम करने का यह शास्त्रीय तरीका है। महंगाई कम करने का एक तरीका यह भी हो सकता है कि लोगों की आमदनी बढ़ाई जाए या उनके हाथ में पैसा पहुंचाया जाए। लेकिन भारतीय अर्थव्यवस्था की जो स्थिति है उसमें यह तरीका नहीं आजमाया जा सकता है। तभी विकास दर को दांव पर लगा कर शास्त्रीय तरीके से महंगाई कम करने का प्रयास हो रहा है। रिजर्व बैंक ने पिछले एक महीने में दो बार रेपो रेट बढ़ाया है, जिसके बाद से यह 4.9० फीसदी हो गया है। अप्रैल में आपात बैठक करके केंद्रीय बैंक ने रेपो रेट में ०.4० फीसदी की बढ़ोतरी की थी और अब दो महीने में होने वाली मौद्रिक समीक्षा समिति की बैठक के बाद ०.5० फीसदी बढ़ाने का फैसला किया है। लेकिन यह अंतिम बढ़ोतरी नहीं है। अगली बैठक में इसमें फिर बढ़ोतरी होगी और संभव है कि चालू वित्त वर्ष यानी 2०22-23 में इसमें एक फीसदी तक बढ़ोतरी हो। ऐसा इसलिए होगा क्योंकि रिजर्व बैंक ने खुद माना है कि ब्याज दर में बढ़ोतरी के बावजूद महंगाई अभी तत्काल काबू में नहीं आने वाली है।

आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने ब्याज दरों में दूसरी बढ़ोतरी के बाद महंगाई दर का अनुमान भी बढ़ा दिया। उन्होंने कहा कि चालू वित्त वर्ष में महंगाई दर 6.7 फीसदी रहेगी। सोचें, दो महीने पहले रिजर्व बैंक का अनुमान था कि इस वित्त वर्ष में महंगाई दर 5.7 फीसदी रहेगी। उस अनुमान में एक फीसदी की बढ़ोतरी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि महंगाई की क्या स्थिति रहने वाली है। रिजर्व बैंक ने महंगाई दर की सीमा दो से चार फीसदी तय की है और इसमें दो फीसदी ऊपर-नीचे का पैमाना तय किया है। यानी महंगाई अधिकतम छह फीसदी तक होनी चाहिए। पिछले तीन महीने से महंगाई दर इस अधिकतम सीमा से ज्यादा है और पूरे वित्त वर्ष इस सीमा से ज्यादा रहने वाली है। तभी रिजर्व बैंक के सामने इसके सिवा कोई चारा नहीं है कि वह विकास दर की परवाह छोड़ कर रेपो रेट में बढ़ोतरी जारी रखे।

केंद्र सरकार ने पिछले दिनों पेट्रोलियम उत्पादों पर लगने वाले उत्पाद शुल्क में साढ़े नौ रुपए प्रति लीटर की कमी की थी। इसके अलावा कॉमर्शियल रसोई गैस के सिलिंडर के दाम भी घटाए गए हैं। अगर सरकार इस तरह के कदम उठाती रहती है तो रिजर्व बैंक द्वारा किए जा रहे उपायों का भी ज्यादा फायदा होगा। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दाम बढने के बावजूद अगर केंद्र सरकार उत्पाद शुल्क में कटौती करके इसकी कीमतों को नियंत्रण में रखती है और गेहूं, चीनी जैसे उत्पादों के निर्यात पर पाबंदी या उसे सीमित रखने के उपाय भी जारी रखती है तो महंगाई का प्रबंधन थोड़ा आसान होगा।

रिजर्व बैंक और भारत सरकार दोनों मिल कर महंगाई को काबू में करने के जो भी उपाय करेंगे उसका प्रत्यक्ष असर देश की अर्थव्यवस्था पर होगा। विकास दर में कमी का सिलसिला पहले ही शुरू हो गया है। विश्व बैंक ने पहले अनुमान लगाया था कि चालू वित्त वर्ष में भारत की विकास दर 8.7 फीसदी रहेगी, जिसे घटा कर उसने 7.5 फीसदी कर दिया है। अंतरराष्ट्रीय रेटिंग एजेंसी मूडीज ने भी भारत के विकास दर का अनुमान 9.1 फीसदी से घटा कर 8.8 फीसदी कर दिया है। इस आंकड़े में और कमी आ सकती है क्योंकि अर्थव्यवस्था के अंतरराष्ट्रीय हालात भी कोई बहुत अच्छे नहीं है। अमेरिका में बढ़ती महंगाई और सख्त मौद्रिक नीति का असर भारत और दुनिया की दूसरी अर्थव्यवस्थाओं पर पड़ेगा। हाल में अंतरराष्ट्रीय रेटिंग एजेंसी एसएंडपी ने दुनिया के देशों की विकास की अनुमानित दर घटाई है। उसने चालू वित्त वर्ष में अमेरिका की विकास दर का अनुमान 3.2 से घटा कर 2.4 फीसदी कर दिया है। चीन की विकास दर का अनुमान भी 4.9 से घटा कर 4.2 फीसदी किया है। इसी तरह यूरोजोन की विकास दर का अनुमान 3.3 से घटा कर 2.7 फीसदी किया है। सोचें, जब दुनिया के बड़े देशों की विकास दर में गिरावट आएगी तो उसका कितना बड़ा असर भारत पर होगा! भारत बहुत बड़ा निर्यातक नहीं है लेकिन दुनिया के बड़े देशों में आर्थिक गतिविधियों के सुस्त होने से भारत का निर्यात भी कम होगा। इसका असर विकास दर पर पड़ेगा। इसी तरह रूस और यूक्रेन की लड़ाई पर भी किसी का जोर नहीं है। अमेरिका और यूरोप के देश मान रहे हैं कि युद्ध इस साल के अंत तक चल सकता है। अगर ऐसा होता है तो पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था पर इसका असर होगा। भारत में महंगाई और विकास दर दोनों इससे प्रभावित होंगे। भारतीय मुद्रा यानी रुपए की कीमत में गिरावट का सिलसिला थम नहीं रहा है। एक डॉलर की कीमत अब 78 रुपए के करीब पहुंच गई है। ध्यान रहे भारत में आयात का बिल कम नहीं हो रहा है क्योंकि भारत में उपभोग की वस्तुओं में ईंधन सबसे ऊपर है, जिसका 8० फीसदी हिस्सा भारत आयात करता है। इसके उलट अंतरराष्ट्रीय हालात से भारत का निर्यात प्रभावित हो सकता है। ऐसे में रुपए के मुकाबले डॉलर की कीमत में हो रही बढ़ोतरी भारत को बहुत बुरी तरह से प्रभावित करेगी।

भारत की अर्थव्यवस्था में कोरोना की महामारी की वजह से पिछले दो-तीन साल में एक और बदलाव देखने को मिला है। वह बदलाव ये है कि सेवाओं के मुकाबले वस्तुओं की महंगाई ज्यादा बढ़ी है। कोरोना की महामारी शुरू होने से ठीक पहले सेवाओं की महंगाई दर ज्यादा थी और वस्तुओं की कम थी। लेकिन कोरोना के बाद के दो साल में सेवाओं की औसत महंगाई दर 4.6 फीसदी रही, जबकि वस्तुओं की औसत महंगाई दर 6.2 फीसदी पहुंच गई। इसका कारण यह है कि कोरोना के दौरान सेवाओं पर ज्यादा पाबंदियां रहीं या लोगों ने उनका इस्तेमाल कम किया। उसके मुकाबले वस्तुओं की जरूरत किसी न किसी तरह से पूरी की गई। वस्तुओं में भी देश की बहुसंख्यक आबादी कोरोना के दौरान जरूरी वस्तुओं की खरीद ही करती रही। इसका मतलब है कि यह महंगाई जरूरी वस्तुओं की है और इसलिए आम लोगों को ज्यादा परेशान करने वाली है। तभी रिजर्व बैंक और भारत सरकार दोनों की पहली प्राथमिकता महंगाई कम करने और लोगों की आमदनी बढ़ाने की होनी चाहिए।

## ओटीटी डेब्यू से पहले रवीना टंडन ने ठुकराई करीब 20 स्क्रिप्ट

राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता अभिनेत्री रवीना टंडन का कहना है कि उन्हें पर्दे पर मजबूत महिलाओं का किरदार निभाने में ज्यादा दिलचस्पी है और हाल के दिनों में उन्होंने टाइपकास्ट होने से बचने के लिए कई पटकथाओं को खारिज कर दिया है।

9० के दशक में सफलता के शिखर पर रहने वाली अभिनेत्री ने वेब सीरीज अरण्यक के साथ ओटीटी की शुरूआत की। कस्तूरी डोगरा के रूप में एक शांत भूमिका के साथ उनके प्रदर्शन को समीक्षकों और दर्शकों ने समान रूप से सराहा।

वेब सीरीज की सफलता के साथ-साथ व्यावसायिक रूप से सफल फिल्म केजीएफ: अध्याय 2 के बाद वह अपने करियर को अगले स्तर पर कैसे ले जाना चाहती है, इस बारे में बात करते हुए, रवीना ने अपनी रणनीति का खुलासा किया।

रवीना ने कहा, मेरा डिजिटल डेब्यू एक रणनीतिक कदम था। मजबूत महिला पात्रों वाली कहानियां मेरी खूबी हैं और फिल्में जो सामग्री से प्रेरित हैं, मुझे सबसे ज्यादा आकर्षित करती हैं। मुझे लगभग 2० स्क्रिप्ट्स को अस्वीकार करना पड़ा, क्योंकि मैं टाइपकास्ट नहीं होना चाहती थी। मैं चाहती हूं कि दर्शक मुझे मेरी बहुमुखी प्रतिभा के लिए याद रखें। हां कहना आसान है लेकिन आपको नहीं कहने के लिए बोल्ड होना चाहिए।

वह अपनी आगामी फिल्म घुड़चढ़ी के लिए संजय दत्त के साथ फिर से जुड़ेंगी। एक्ट्रेस जल्द ही अपने नए प्रोजेक्ट की भी घोषणा करेंगी। (आरएनएस)

## सू- दोकू क्र.73

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 6 | 3 | | 8 | | 1 | | 4 |
| 8 | | | 3 | | 4 | | 7 | |
| | 4 | | | 5 | | 8 | | |
| 3 | | 8 | | | 1 | | 4 | |
| | 1 | | | 4 | | 9 | | 7 |
| | | 4 | | | 2 | | 1 | |
| 1 | | | | 3 | | 4 | | 8 |
| | 8 | | 2 | | 9 | | 3 | |
| | | 9 | | 1 | | 2 | | 5 |

### नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

### सू-दोकू क्र.72 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 7 | 9 | 2 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 |
| 2 | 1 | 8 | 3 | 7 | 6 | 9 | 5 | 4 |
| 7 | 6 | 4 | 5 | 2 | 8 | 1 | 3 | 9 |
| 3 | 8 | 1 | 6 | 9 | 7 | 2 | 4 | 5 |
| 9 | 2 | 5 | 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 |
| 8 | 3 | 7 | 9 | 6 | 4 | 5 | 2 | 1 |
| 5 | 4 | 2 | 8 | 3 | 1 | 7 | 9 | 6 |
| 1 | 9 | 6 | 7 | 5 | 2 | 4 | 8 | 3 |
| 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 9 | 6 | 7 | 2 |

## क्रिसमस रिलीज के लिए तैयार गणपथ

हाल ही में रिलीज हुई केजीएफ, विक्रम और आरआरआर जैसी बड़ी रिलीज के साथ एक्शन जॉनर में फिर से जान आ गई है और अब एक्शन सुपरस्टार टाइगर श्रॉफ एक्शन थ्रिलर गणपथ की क्रिसमस रिलीज के लिए तैयार हैं। प्रोडक्शन हाउस के एक करीबी सूत्र ने कहा, गणपथ कुछ ऐसा है जिसे हमने भारतीय सिनेमा में पहले कभी नहीं देखा है।

यह दिमाग को उड़ाने वाला है, फिल्म एक विश्व स्तरीय स्पेशल इफेक्ट है। यह क्रिसमस पर बॉक्स ऑफिस पर इतिहास रचने जा रहा है।सूत्र ने आगे कहा, साथ ही, हीरोपंती की सबसे पसंदीदा नवोदित जोड़ी - टाइगर और कृति सनोन - फिर से जुड़ रहे हैं। निर्माता क्रिसमस के सप्ताहांत को इसकी रिलीज के लिए उपयोग करने का लक्ष्य बना रहे हैं।

जैकी भगनानी पूजा एंटरटेनमेंट के बैनर तले फिल्म का संचालन कर रहे हैं। फिल्म के कलाकारों में स्वीडिश-ग्रीक अभिनेत्री एली अवराम, मलयालम स्टार रहमान और रॉब हॉरोक्स भी शामिल हैं। यूके की शूटिंग पूरी करने के बाद, टाइगर श्रॉफ ने लद्दाख में सबसे चुनौतीपूर्ण एक्शन शेड्यूल को पूरा किया। फिल्म इसी साल 23 दिसंबर को रिलीज होने वाली है।

# भारत का क्या रुख ?

एक साथ इन दोनों पैंतरेबाजियों का हिस्सा रहना किसी भी देश के लिए संभव नहीं होगा। क्या ये संभव है कि कोई देश साथ-साथ चीन के खिलाफ अमेरिकी लामबंदी और दुनिया पर अमेरिकी वर्चस्व खत्म करने की चीनी योजना का हिस्सा बना रहे?

अमेरिकी पत्रिका फॉरेन अफेयर्स को अमेरिकी शासक वर्ग का मुखपत्र समझा जाता है। उसी पत्रिका में आए एक ताजा लेख में साफकहा गया है कि भारत एक साथ पश्चिमी देशों और रूस-चीन के खेमों में रहे, यह स्थिति ज्यादा लंबे समय तक नहीं चल सकती। वो मौका शायद जल्द ही ऐसा आएगा, जब अमेरिका उससे अपना पक्ष चुन लेने के लिए कहेगा। इस राय से सहमत होने की पूरी वजहें हैं। ये दोनों खेमे एक दूसरे के खिलाफपैंतरेबाजी में जुटे हुए हैँ। इसके बीच इन पैंतरेबाजियों का हिस्सा रहना किसी भी देश के लिए संभव नहीं होगा।

क्या ये संभव है कि भारत एक साथ चीन के खिलाफअमेरिकी लामबंदी और दुनिया पर अमेरिकी वर्चस्व खत्म करने की चीनी योजना का हिस्सा बना रहे? इस ताजा खबर पर गौर कीजिए। ईरान ने शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के सामने एक नई मुद्रा तैयार करने का प्रस्ताव रखा है। ईरान ने कहा है कि एससीओ के सदस्य देशों को उसी प्रस्तावित मुद्रा के जरिए आपस में कारोबार करना चाहिए। ईरान ने कहा है कि अपनी मुद्रा होने पर एससीओ के सदस्य देश पश्चिमी प्रतिबंधों के असर से भी खुद बचा सकेंगे।

ईरान उन देशों में शामिल है, जिन पर अमेरिका और उसके साथी देशों ने कड़े प्रतिबंध लगा रखे हैँ। इन देशों में रूस और चीन भी हैँ। गौरतलब है कि रूस और चीन के बीच आपसी मुद्रा में कारोबार में बीते तीन महीनों में भारी बढ़ोतरी हुई है। बीते तीन महीनों में इन दोनों देशों के बीच चार बिलियन डॉलर का भुगतान रुबल और युवान में हुआ। ये उसके एक साल पहले की तिमाही की तुलना में एक हजार प्रतिशत से भी ज्यादा है। तो साफ है कि रूस, चीन और ईरान डॉलर का विकल्प ढूंढना चाहते हैँ। क्या भारत भी इस प्रयास में सहभागी बनेगा? और ऐसा हुआ तो क्या अमेरिका को यह बर्दाश्त होगा?

जानकारों का कहना है कि अगर एससीओ में ईरान के प्रस्ताव पर सहमति बनी, तो उसे अमेरिकी वर्चस्व वाली अंतरराष्ट्रीय वित्तीय व्यवस्था के लिए सीधी चुनौती के रूप में देखा जाएगा। अब देखने की बात होगी कि इस जटिल स्थिति से भारत कैसे निपटता है?(आरएनएस)

# एलटी चयनित अभ्यार्थियों का धरना जारी

संवाददाता

देहरादून। एलटी चयनित अभ्यार्थियों का शिक्षा निदेशालय में धरना नौवे दिन भी जारी रहा है। आज यहां माध्यमिक शिक्षा संघ के बैनर तले नौवे दिन एलटी चयनित अभ्यार्थियों का शिक्षा निदेशालय ननूरखेडा में नियुक्ति की मां को लेकर धरना जारी रहा। उनका कहना था कि 16 जून को उनके द्वारा विधानसभा कूच किया गया था जहां पर उन्हें यह आश्वासन देकर उठाया गया था कि शीघ्र ही उनकी मुलाकात मुख्यमंत्री से करवायी जाएगी किन्तु धरने के लगातार नौवे दिन भी सरकार के द्वारा इन अभ्यार्थियो का कोई संज्ञान नहीं लिया गया। जबकि 21 जून को एलटी चयनित अभ्यार्थियो के द्वारा सरकार की शुद्धि बुद्धि हेतु हवन का आयोजन किया गया तथा 22 जून को घंटाघर के समीप सांय के समय अपनी डिग्रियों का दहन किया गया था। इसके साथ ही 23 जून को खून से राज्यपाल को पत्र लिखा था। उनका कहना है कि शीघ्र ही उन्हें नियुक्ति दी जाए पिछले छह माह से परीक्षा परिणाम आने के बावजूद वे निदेशालय में धरने पर बैठे हैं। आज धरने पर बैठने वालों में सरिता बिज्ल्वाण, अनन्त रतूडी, अनुज भटट, प्रमोद डिमरी, पंकज सिंह, हरीश गैरोला, शुभम डोभाल किरण शाही मौजूद थे।

# खाद्य मंत्री द्वारा खाद्य सचिव को परेशान किए जाने की धीरेंद्र प्रताप ने की निंदा

नगर संवाददाता

देहरादून। उत्तराखंड कांग्रेस के उपाध्यक्ष और वरिष्ठ प्रवक्ता धीरेंद्र प्रताप ने खाद्य विभाग में किए जा रहे तबादलों में राज्य की खाद्य मंत्री रेखा आर्य द्वारा किए जा रहे अनावश्यक हस्तक्षेप की निंदा की हैं।

धीरेंद्र प्रताप ने खाद्य सचिव सचिन कुर्वे को एक ईमानदार अधिकारी बताते हुए कहा है कि जिस तरह से राज्य में ब्यूरोक्रेसी के साथ दुर्व्यवहार किया जा रहा है उससे सारी नौकरशाही का हौसला टूट चुका है और यही कारण है कि धामी सरकार किसी भी मामले में अपेक्षित रिजल्ट नहीं दे पा रही है।

प्रताप ने कहा कि मुख्यमंत्री को चाहिए इस मामले में हस्तक्षेप करें जिससे कि दूध का दूध और पानी का पानी हो सके। उन्होंने भाजपा सरकार पर तबादलों को उद्योग का दर्जा दिए जाने का भी आरोप लगाया।

## बाल विवाह कराने वाली मां, तीन..

▶▶ पृष्ठ 1 का शेष

परियोजना की टीम की मौजूदगी में श्यामपुर फाटक के पास रोक लिया गया। जिसके पश्चात शिकायतकर्ता के द्वारा कोतवाली में दी गई लिखित तहरीर के आधार पर कोतवाली ऋषिकेश में मुकदमा अपराध धारा-3/9/11 बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम-2006 के अंतर्गत मुकदमा पंजीकृत कर आरोपी कपिल कुमार पुत्र महेन्द्र सिह निवासी आरके कालोनी बंगाली बाजार हस्तिनापुर मेरठ उसके सहयोगी जीजा नकुल पुत्र सुखपाल सिंह निवासी फूल का झाड थाना जानी जनपद मेरठ तथा बाल विवाह कराने वाली नाबालिक की मां तथा उसका सहयोग करने वाले दीपक पुत्र मक्खन लाल निवासी गली नम्बर-4 शांतिनगर ऋषिकेश को बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के अंतर्गत गिरफ्तार किया गया।

# आर्थिक तंगी के चलते करा रही थी बाल विवाह

संवाददाता

देहरादून। पुलिस ने नाबालिग का विवाह कराने के प्रयास में नाबालिग की मां सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया। पूछताछ में सामने आया कि नाबालिग के पिता की मौत हो जाने के कारण घर के हालात सही नहीं थे किशोरी का भाई भी मजदूरी करके अपने परिवार का पेट भर रहा था। जिसके चलते उसकी मां ने बेटी का विवाह कराने का मन बना लिया। उसने शांतिनगर निवासी दीपक के सहयोग से मेरठ निवासी कपिल से सम्पर्क कर अपनी बेटी का उससे विवाह कराने का मन बना लिया था लेकिन बच्ची की उम्र कम होने पर मन्दिर के पण्डित के द्वारा मना करने व नाबालिग की बुआ की तत्परता के चलते वह अपने मक्सद में कामयाब नहीं हो सके थे और पुलिस ने उनको गिरफ्तार कर लिया।

**❑नाबालिग की बुआ ने दी थी पुलिस को सूचना**

## लोकतंत्र का गला घोटने वाले कांग्रेसी अब.

▶▶ पृष्ठ 1 का शेष

यह सब संभव हुआ है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयास व संघर्ष से। उन्होंने कहा कि आज आम आदमी किसी भी बड़े पद पर पहुंच सकता है उन्होंने द्रोपदी मुर्मू का उदाहरण देते हुए कहा कि वह एक अति साधारण परिवार से आती हैं जिन्हें राष्ट्रपति पद का प्रत्याशी बनाया गया है। इस अवसर पर विधायक व पूर्व शिक्षा मंत्री अरविंद पांडे सहित तमाम गणमान्य लोग मौजूद थे।

# 'बिना प्रतिस्थानी के सीमांत के स्कूलों से एक भी शिक्षक को कार्यमुक्त न किया जाए'

कार्यालय संवाददाता

मुनस्यारी। प्रदेश में एलटी ग्रेड शिक्षकों के बम्पर तबादलों से सीमांत के स्कूलों के खाली होने से डर से क्षेत्रीय विधायक हरीश धामी ने मुख्यमंत्री तथा शिक्षा मंत्री तो जिला पंचायत सदस्य जगत मर्तोलिया ने जिलाधिकारी तथा मुख्य शिक्षा अधिकारी को पत्र लिखकर बिना प्रतिस्थानी के एक भी शिक्षक को कार्यमुक्त नहीं किए जाने का अनुरोध किया है। यूपी के शासनादेश का हवाला देते हुए कहा कि अगर ऐसा किया गया तो सड़क से लेकर सदन तक उग्र आंदोलन किया जाएगा।

प्रदेश में शिक्षा विभाग ने एलटी ग्रेड शिक्षकों का बड़ी संख्या में स्थानांतरण किया है। जिले के मुनस्यारी तथा धारचूला विकास खंड के स्कूल पहले से ही शिक्षकों के सैकड़ों पद रिक्त होने के कारण अव्यवस्थाओं का शिकार बने हुए है।

इन स्कूलों में विज्ञान, गणित, अंग्रेजी जैसे विषयों के शिक्षकों के पद सैकड़ों की संख्या में रिक्त चल रहे है। अधिकांश स्कूलों में समान्य विषयों के शिक्षकों का दो दशकों से अता पता नहीं है। विधान सभा के एकमात्र मुनस्यारी इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य तैनात है। जिसके पास



खंड शिक्षा अधिकारी, उप खंड शिक्षा अधिकारी के पदभार अतिरिक्त दिए गए है। शिक्षकों के बम्पर तबादलों से सीमांत के सभी स्कूल कहीं शिक्षक विहिन न हो जाय, उसकी चिंता पिथौरागढ़ से लेकर देहरादून तक देखी गई।

देहरादून में क्षेत्रीय विधायक हरीश धामी ने प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी तथा शिक्षा मंत्री डा धन सिंह रावत को पत्र लिखकर बिना प्रतिस्थानी के सीमांत के स्कूलों से एक भी शिक्षक को कार्यमुक्त नहीं करने के लिए जिले के अफसरों को आदेशित करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि यूपी सरकार ने सीमावर्ती तथा पर्वतीय क्षेत्रों के विषम भौगोलिक परिस्थितियों के कारण यहां से शिक्षा विभाग में शिक्षकों को बिना प्रतिस्थानी के कार्यमुक्त नहीं करने का शासनादेश जारी किया था, जो आज भी लागू है। जिसका अनुपालन अब सख्ती से नहीं हो पा रहा है।

जिला पंचायत सदस्य जगत मर्तोलिया ने आज पिथौरागढ़ में जिला अधिकारी तथा मुख्य शिक्षा अधिकारी को पत्र लिखकर कहा कि एक भी शिक्षक बिना प्रतिस्थानी के कार्यमुक्त किया गया तो गांव में शिक्षकों की मांग को लेकर आंदोलन होगा। सरकार इस आंदोलन की लपटों से झुलस जायेगी।

उन्होंने कहा कि चीन तथा नेपाल सीमा के स्कूलों में शिक्षक नहीं होंगे तो गांवों से पलायन की गति तेज होनी संभव है। उन्होंने राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए सीमांत के स्कूलों पर विशेष ध्यान देने को कहा।

विधायक हरीश धामी तथा जिपं सदस्य जगत मर्तोलिया ने शिक्षा बिभाग, प्रशासन तथा सरकार को स्थानांतरण सूचि के बाहर आते ही चौतरफ़ा घेर लिया है। नेताद्वयो ने कहा कि सरकार तथा शिक्षा अधिकारी ने मनमानी की तो ऐसा आंदोलन होगा कि इतिहास भी उसे याद करेगा।

# पीएफ का लाखों रुपये हडपने के मामले में चार नामजद

संवाददाता

देहरादून। पीएफ का लाखों रूपये हडपने के मामले में पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार देहरा खास निवासी मौहम्मद मोहसिन खान ने पटेलनगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि वह यूनाइटेड एग्रो लाईफ इण्डिया लि0, देवऋशि एन्कलेव देहराखास में नौकरी करता था जिसके निदेशक व अधिकृत प्रतिनिधि अहसान हैदर, मौहम्मद शाहनवाज, प्रदीप कुमार गुप्ता व मौहम्मद जावेद है। उसको देय भुगतान वेतन, भत्ते, ग्रेच्युटी, प्रोविडेन्ट फण्ड का दुरुपयोग इन निदेशको द्वारा किया गया है। 2018 को इनके द्वारा उसको14,97,000 रूपये का चौक उसके उक्त देयको में से दिया गया जो बैंक मे अनाद्रित हो गया।

जब यह बात उसने निदेशको, अधिकारियो को बताई तो उनके द्वारा कहा गया कि अभी 50 हजार रूपये ले लो और धन होने पर आपका पूरा भुगतान किया जायेगा। एक षडयन्त्र के तहत 14,97,000 रूपये का चैक देकर मात्र 50,000 रूपये का भुगतान उसको धोखे मे रखकर किया गया। यह कि उक्त लोगों द्वारा उसका प्रोविडेन्ट फण्ड जो वेतन से काटा गया उसे तथा उस पर सेवायोजको के द्वारा विधिक अंशदान को भी प्रोविडेन्ट फण्ड खाते मे नही डाला न ही जमा किया। जबकि नियमानुसार यह पैसा सरकारी तौर पर प्रोविडेन्ट फण्ड विभाग के पास जमा होता है। इनके द्वारा अमानत में ख्यानत की गयी है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# एमबीबीएस में दाखिले के नाम पर ठगे 16 लाख रुपये

संवाददाता

देहरादून। एमबीबीएस में दाखिले के नाम पर 16 लाख रूपये ठगने के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बंजारावाला निवासी बीना रतूडी ने पटेलनगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसकी पुत्री आंशी रतूडी ने सन् 2017 मे इण्टरमीडिएट की परीक्षा अच्छे अंको से उत्तीर्ण करने के पश्चात एमबीबीएस (नीट) की तैयारी करने के लिए बलूनी क्लासेज देहरादून मे दाखिला लिया। वर्ष 2018 में नीट मे 339 अंक लाने पर पुन: एक वर्ष तैयारी की। उसके पश्चात वर्ष 2019 मे 411 अंक प्राप्त किये, परन्तु भारत मे उसका दाखिला एमबीबीएस मे न हो पाया।

उसका क्लासमेट विशाल उपाध्याय ने 2019 मे रुस की मारी स्टेट मे एमबीबीएस मे दाखिला ले लिया, आंशी रतूडी के बारे मे विशाल उपाध्याय जानता था उसने आंशी रतूडी से फोन पर संपर्क किया और उसके कहने पर ही उसकी पुत्री को भी 2020 मे रुस की क्रीमिया फेडरल यूनिवर्सटी (सीएफयू) मे एमबीबीएस मे दाखिला दिलवा दिया, जिसके एवज मे उससे सोलह लाख रुपये इंडोरस लर्निग हब प्राइवेट लिमिटेड के एजेंट मौहम्मद फैजल अजीज निवासी जामिया नगर, ओखला दिल्ली के खाते मे डलवाये गए। फैजल अजीज द्वारा 16 लाख मे पूरा एमबीबीएस का कोर्स, छात्रावास शुल्क, भोजनालय, वीजा व प्रथम बार जाने का टिकट बताया गया था। लेकिन जब उसकी पुत्री क्रीमिया फैडरल यूनिवर्सटी पहुंची तो उसको पता चला कि उसकी पहले सेमेस्टर की फीस जमा नहीं है तथा यूनिवर्सिटी वालों ने उसको वापस भारत भेज दिया। उसने जब फैजल अजीज से बात की तो उसने उसके साथ गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।



# सौ दिन सरकार के, रिपोर्ट कार्ड तैयार

विशेष संवाददाता

देहरादून। सूबे की सरकार अपने कार्यकाल के पहले 100 दिन पूरे करने जा रही है, इन 100 दिनों में सरकार ने क्या कुछ किया? और आगे क्या कुछ करने जा रही है? दोनों ही स्तर पर सरकार अपना पक्ष आम आदमी के सामने रखने की तैयारी कर रही है।

शासन-प्रशासन स्तर पर इसकी तैयारी जोरों से चल रही है। सरकार का रिपोर्ट कार्ड तैयार हो रहा है टिहरी के जिला अधिकारी को इस बाबत दिए गए दिशा-निर्देशों के अनुसार प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत बनाए गए 100 आवासों की चाबी लाभार्थियों को सौंपी जाएगी तथा मुख्यमंत्री इन्हें रसद व अन्य घरेलू सामान की खरीद के लिए सहायता राशि भी प्रदान करेंगे। जिलाधिकारी आशीष कुमार और मुख्य जिला विकास अधिकारी नमामि बंसल को इसकी तैयारी करने के निर्देश दिए जा चुके हैं।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का अभी संपन्न हुआ तीन दिवसीय दौरा इस दृष्टिकोण से काफी महत्वपूर्ण रहा है कि अपनी उपलब्धियो को उन्हें केंद्र से मिली



❑कई बड़े फैसले का हो सकता है ऐलान

❑शासन-प्रशासन जुटा आयोजन की तैयारी में

सहायता को तो इसमें जोड़ा ही जा सकता है। दिल्ली दौरे के दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से लेकर जल शक्ति मंत्री गजेंद्र शेखावत और गृह मंत्री अमित शाह तथा पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा आदि अनेक नेताओं से बातचीत की। उनकी इन मुलाकातों को भले ही शिष्टाचार मुलाकातें के रूप में देखा जा रहा हो लेकिन यह सभी जानते हैं कि मुख्यमंत्री भले ही कोई भी रहे पार्टी के सभी अहम फैसले और नीतियों का निर्धारण दिल्ली दरबार से ही होता है।

मुख्यमंत्री के चाहे जिलों के भ्रमण का कार्यक्रम को, जिसमें अब वह सप्ताह में 2 दिन दून से बाहर रहेंगे अथवा दायित्वों के बंटवारे या मंत्री पदों को भरने जैसे सभी निर्णय हाईकमान की मंजूरी के बिना संभव नहीं है। कयास लगाए जा रहे हैं कि धामी सरकार के 100 दिन पूरे होने पर कई बड़े फैसले किए जा सकते हैं जिसमें मुख्य सचिव के दिल्ली प्रतिनियुक्ति पर जाने व राधा रतूड़ी को मुख्य सचिव बनाए जाने और दायित्वों के बंटवारे की बातें आम चर्चाओं में हैं।

सरकार ने इन 100 दिन में क्या-क्या महत्वपूर्ण फैसले किए हैं और आगे क्या करने वाली है। यह सभी महत्वपूर्ण सवाल हैं। प्रदेश में समान नागरिक संहिता जिसकी घोषणा सीएम ने चुनाव के दौरान की थी पर क्या हो रहा है? रोजगार और उद्योग को बढ़ावा देने की दिशा में सरकार क्या कर रही है? पलायन रोकने के क्या प्रयास किए जा रहे हैं। 100 दिन के रिपोर्ट कार्ड में इसका उल्लेख होगा। 100 दिन पूरे होने पर भाजपा सरकार कुछ आयोजन भी आयोजित करने वाली है जिसके माध्यम से सरकार के कामकाज को जनता तक पहुंचाया जा सके।

## एक नजर

## सात से 11 साल के बच्चों को कोवोवैक्स टीके के आपातकालीन उपयोग की मंजूरी देने की सिफारिश

नई दिल्ली । भारत के केंद्रीय औषधि प्राधिकरण की एक विशेषज्ञ समिति ने सात से ११ वर्ष की आयु के बच्चों के लिए सीरम इंस्टीट्यूट के कोवोवैक्स टीके के आपातकालीन उपयोग की मंजूरी देने की शुक्रवार को सिफारिश की है। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी है। सिफारिश को अंतिम मंजूरी के लिए भारत के औषधि महानियंत्रक (डीसीजीआइ) को भेज दिया गया है। आपको बता दें कि सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (एसआईआई) में सरकारी और नियामक मामलों के निदेशक प्रकाश कुमार सिंह ने १६ मार्च को आपातकालीन उपयोग प्राधिकरण के लिए आवेदन प्रस्तुत किया था। एक आधिकारिक सूत्र ने कहा, केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) की कोविड-१६ पर विषय विशेषज्ञ समिति (एसईसी) ने एसआईआई के इस आवेदन पर विचार-विमर्श किया और सात से ११ वर्ष की आयु के बच्चों के लिए कोवोवैक्स के लिए आपातकालीन उपयोग प्राधिकरण देने की सिफारिश की। इस मामले में विशेषज्ञ समिति ने अप्रैल में हुई अपनी पिछली बैठक में आवेदन पर पुणे स्थित कंपनी से अधिक जानकारी मांगी थी।



## नॉर्वे की राजधानी ओस्लो के एक नाईट क्लब में गोलीबारी, 2 की मौत

ओस्लो। यूरोपियन देश नॉर्वे की राजधानी ओस्लो के एक नाईट क्लब में शनिवार को गोलीबारी की घटना हुई। फायरिंग में २ लोगों की मौत, जबकि कई घायल हुए हैं। नॉर्वे पुलिस ने शनिवार को बताया कि लंदन गे बार नाइट क्लब के अंदर और बाहर फायरिंग की घटना में २ लोगों की मौत हो गई है, जबकि एक दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए हैं। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि घटना की सूचना मिलने के पांच मिनट बाद एक संदिग्ध हमलावर को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने हालांकि उसकी पहचान का खुलासा नहीं किया गया है। वहीं हमलावर ने घटना को क्यों अंजाम दिया, इस संबंध में जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस ने बताया कि गे बार के बाहर फायरिंग की सूचना के बाद पुलिस और एंबुलेंस मौके पर पहुंची। फिलहाल, घटनास्थल पर मारे गए दोनों लोगों के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। वहीं घायलों को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। द न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक दो नाइट क्लबों में से एक श्लंदन पबश ओस्लो में समलैंगिक नाइटलाइफ का केंद्र है।




## भागने की कोशिश कर रहे दो पाकिस्तानी मछुआरे बीएसएफ की गोली से हुए घायल

अहमदाबाद। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने गुजरात के कच्छ जिले के पास भारत-पाक सीमा के करीब हरामी नाला क्रीक क्षेत्र से दो पाकिस्तानी मछुआरों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। बीएसएफ ने शुक्रवार देर रात जारी एक बयान जारी कर बताया कि दोनों पाकिस्तानी मछुआरों को कुछ दूर पीछा करने के बाद पकड़ लिया गया। हालांकि, पाकिस्तान की ओर भागने की कोशिश के दौरान उन्हें टखने में गोली लग गई। बीएसएफ ने कहा, २३ जून २०२२ को शुरू हुए एक तलाशी अभियान में बीएसएफ भुज ने शनिवार को पीछा करते हुए हरामी नाला क्षेत्र से दो पाकिस्तानी मछुआरों को पकड़ा। दोनों को पाकिस्तान की ओर भागने की कोशिश करते समय टखने में गोली लग गई। बीएसएफ के गश्ती दल ने बृहस्पतिवार को गश्त के दौरान हरामी नाला इलाके में मछली पकड़ने वाली पाकिस्तानी नौकाओं की आवाजाही देखी। बयान में कहा गया है, श्गश्ती दल तुरंत मौके पर पहुंचा और हरामी नाला क्षेत्र के विभिन्न स्थानों से मछली पकड़ने वाली नौ पाकिस्तानी नौकाओं को जब्त कर लिया।श बयान के अनुसार, पाकिस्तानी मछुआरों ने भागने की कोशिश की, जो ३०० वर्ग किलोमीटर से अधिक के क्षेत्र में फैले इलाके में छिपे हुए थे।



## नानकसर गुरुद्वारा विवाद में एक व्यवसायी पर गम्भीर आरोप!

देहरादून (सं)। नानकसर गुरूद्वारे के विवाद में शहर के एक बडे व्यवसायी पर गम्भीर आरोप लगाये गये है। दिल्ली से आयी संगत ने व्यवसायी पर दस्तावेजों से छेडछाड सहित कई गम्भीर आरोप लगाये। रायपुर थाना प्रभारी से इस सम्बन्ध में जानकारी लेने के लिए सम्पर्क किया गया तो उनका फोन नहीं उठा। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार रायपुर रोड पर स्थित नानकसर गुरूद्वारे में काफी समय से विवाद चला आ रहा है। जिसको लेकर दिल्ली से भी संगत दून पहुंची। गत दिवस जिलाधिकारी डा. आर राजेश कुमार के द्वारा भी दोनों पक्षो को कलेक्ट्रेट सभागार में बुलाकर उनकी सारी बातें सुनने के बाद कहा कि प्रकरण को अपनी वर्किग कमेटी में लाते हुए सुलह करें। वर्किग कमेटी की बैठक के दौरान एडीएम और सीओ भी मौजूद रहेंगे तथा इसका शांतिपूर्वक हल निकाला जाये। जिलाधिकारी के समझाने के बाद भी दिल्ली व दून के गुरूद्वारे के अनुयायी आपस में भिड गये तथा एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप लगाने लगे। इस दौरान उन्होंने दून के एक प्रतिष्ठित व्यवसायी पर गम्भीर आरोप लगाते हुए गुरूद्वारे की जमीन कब्जाने सहित कई गम्भीर आरोप लगाये है।

## नाबालिग को भगाने में एक नामजद

देहरादून (सं)। नाबालिग को भगा ले जाने पर पुलिस ने एक को नामजद करते हुए उसकी तलाश शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार डाकरा निवासी महिला ने कैण्ट कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसकी लडकी जिसकी उम्र 12 साल है । जिसे 22 जून को सुधीर नाम का लडका बहला फुसलाकर घर से भगा कर ले गया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## कलयुगी पिता ने सोये पुत्र पर किया कुल्हाड़ी से हमला, गम्भीर घायल

हमारे संवाददाता

नैनीताल। कालाढूंगी क्षेत्र में कलयुगी पिता द्वारा अपनी ही सोये हुए बेटे पर कुल्हाड़ी से हमला करने का मामला सामने आया है। जिसमें पुत्र के गम्भीर घायल होने पर उसका अस्पताल में उपचार चल रहा है। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर आरोपी पिता को गिरफ्तार कर लिया गया है।

घटना कालाढूंगी के चकलुवा के विदरामपुर की है। जानकारी के अनुसार चकलुवा के विदरामपुर निवासी नरेंद्र प्रसाद ने घर में सो रहे अपने पुत्र अनिल प्रसाद पर कुल्हाड़ी से प्रहार कर दिया। हादसे में बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया है। सूचना पाकर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी पिता नरेंद्र प्रसाद को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार नरेंद्र प्रसाद पुत्र स्व. मलख राम नशे का आदी है और मामूली गृह क्लेश के चलते उसने अपने ही बेटे पर कुल्हाड़ी से वार कर दिया। जिससे उसका पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया है जबकि आरोपी नरेंद्र प्रसाद के खिलाफ मुकदमा कर लिया गया है।



## भुगतान लेकर डीजल ना देने पर मुकदमा

संवाददाता

देहरादून। डीजल का तीन लाख रूपये का भुगतान होने पर भी डीजल ना देने पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कल्कि मार्केटिंग शुक्ला फार्म किच्छा रोड रूद्रपुर के बलवंत सिंह ने रायवाला थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उनके द्वारा मेसर्स मनीष बायो डीजल को तीन लाख 78 हजार रुपये बायो डीजल खरीदने के लिए भुगतान किया था लेकिन भुगतान प्राप्त करने के बाद उन्होंने आपूर्ति नहीं की है। वह पिछले दो वर्षों से एक ही पार्टी का अनुसरण कर रहे हैं। हमेशा अगले महीने या अगले हफ्ते कह रहे हैं। इस भुगतान में जीएसटी राशि भी शामिल है। उनको इनकम टैक्स नोटिस भी मिल रहा है कि एक ही पार्टी बिल या रिफंड पेमेंट सबमिट करें। लेकिन इनके द्वारा अभी तक आपूर्ति नहीं की गयी है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

आर.एन.आई.- 59626/94

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती पुष्पा कांति कुमार द्वारा दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग घंटाघर, देहरादून से प्रकाशित तथा अवि प्रिंटर्स 21 ईसी रोड, देहरादून से मुद्रित।

*प्रधान संपादक*
**कांति कुमार**

*संपादक*
**पुष्पा कांति कुमार**

*समाचार संपादक*
**आनंद कांति कुमार**

**कानूनी सलाहकारः**
**वी के अरोड़ा, एडवोकेट**
**बैजनाथ, एडवोकेट**

**कार्यालयः दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग देहरादून।**
**मो. 9358134808**

*नोटः सभी विवादों के लिये देहरादून न्यायालय ही मान्य होगा, प्रकाशित सामग्री के लिए प्रिंटर्स की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।*